फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 36, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 02 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## माफिया को मिट्टी में मिला देंगेः अतीक के करीबी के घर पर गरजा बुलडोजर

### उमेश पाल हत्याकांड से पूर्व शाइस्ता की यहीं पर शूटरों के हुई थी मुलाकात

**प्रयागराजः संगम** नगरी में अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के करीबियों पर पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गयी है। बुधवार को अतीक अहमद के करीबी बिल्डर और घर के बगल में रहने वाले खालिद जफर की अवैध सम्पत्ति पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरज रहा है। इस दौरान आसपास का रास्ता पुलिस ने बंद कर रखा है। कार्रवाई के दौरान खालिद के घर से दो विदेशी बंदूक और एक तलवार बरामद हुई है। बहरहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों बंदूक लाइसेंसी है या अवैध रुप से बिना लाइसेंस के रखी गई है। चकिया में दो मंजिला इमारत में ही उमेश पाल की हत्या के बाद शूटर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता से मिलने आए थे और मिलने के बाद फरार हो गए थे। उल्लेखनीय है कि उप्र के जनपद प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा था कि हम माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। उनके इस बयान का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। बुलडोजर की पहली कार्रवाई अतीक के करीबी और बिल्डर खालिद जफर के घर पर हुई है। बताया जा रहा है कि खालिद जफर ने उमेश पाल की हत्या करने वाले शूटर को थोड़ी देर के लिए अपने घर पर पनाह दी थी। इससे जफर पुलिस के निशाने पर आया और बुधवार को उसके अवैध निर्माण को जमींदोज किया जा रहा है। पुलिस की जांच में बताया जा रहा है कि उमेश पाल और



उनके सरकारी गनर की हत्या के बाद शूटर यहीं पर आए थे, जहां उनकी मुलाकात माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन से हुई थी और इसके बाद सभी शूटर यहीं से फरार हो गए थे, जिन्हें पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जबकि एक आरोपी अरबाज को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

### लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया, आपने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' दिया थाः सपा

## सपा ने माफियाओं को खड़ा कियाः योगी

**लखनऊः** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट के आकार पर कहा कि यह बजट पिछले छह साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुए विकास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बजट का आकार तीन लाख 40 हजार करोड़ था जबकि इस बार हमने 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने यूपी को बीमारू प्रदेश बना दिया था हम अगले पांच साल में इसे देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। आपने प्रदेश में माफियाओं को खड़ा किया और प्रदेश को विकास के पैमाने पर पीछे जाने को मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। आपने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' दिया था। उन्होंने सपा पर प्रदेश के कलाकारों व लघु उद्यमियों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की नामौजूदगी पर निशाना साधते हुए कहा कि हर समस्या के सामने दो रास्ते होते हैं। एक... निदान के लिए भाग लो या फिर समस्या देखकर ही भाग लो...। जैसे अभी नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) की कुर्सी खाली है वैसे ही प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार समस्याओं से अपना पीछा छुड़ाकर भाग लेती थी।

**पांच साल में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था होगा उत्तर प्रदेश :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है



### 'जाति का मुद्दा उठाना ध्यान हटाने का प्रयास'

**मुख्यमंत्री** ने आगे कहा कि आप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की बात कर रहे थे न, 2012 से 17 के बीच क्या हुआ था हर कोई जानता है। 2016-17 में अनुसूचित जाति और जनजाति के 21 लाख 21 हजार 629 छात्र-छात्राओं की तत्कालीन सरकार ने छात्रवृत्ति रोक दी थी। जब हमारी सरकार आई मार्च 17 में हमने दोनों साल का जोड़कर स्कॉलरशिप दिया था। यही लोग दलितों, गरीबों, वंचितों, पिछड़े के हक पर डकैती डालने का काम करते थे, जब कुछ नहीं होता तो जाति जाति चिल्लाने का काम करते हैं। कोई मुद्दा न मिले तो जाति का मुद्दा उठाकर समाज के ध्यान को हटाने का प्रयास किया जाता है।

यूपी हमारा राज्य आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। हमारे पास आज के दिन बढ़ा राजस्व लोक कल्याण का आधार बन रहा है। गरीबों, किसानों, माताओं और बेटियों के कल्याण का आधार बन रहा है। वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्कर डेवलप करने का आधार बन रहा है। यूपी को जिसे आप लोगों ने बीमारू बना दिया था, आज वह बीमारू से उबर चुका है, देश की बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है। मैं कह सकता हूं कि हमारा पहला ग्राउंड ब्रेकिंग होने दीजिए यूपी नंबर दो की अर्थव्यवस्था होगी, पांच साल में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था होगा। सीएम ने आगे कहा कि पिछले पांच वर्ष में कोई अतिरिक्त टैक्स जनता पर नहीं लगाया। पेट्रोल डीजल के दाम यूपी में सबसे कम है, अगल-बगल के राज्यों से मिला लीजिए। यूपी में जीएसटी देने के लिए व्यापारी वर्ग उतावला है। 26 लाख से अधिक व्यापारियों ने जीएसटी में रजिस्ट्रेशन किया है और लगातार कर रहा है। सरकार ने हर व्यापारी को 10 लाख की सुरक्षा बीमा का कवर उपलब्ध कराया है।

### वैक्सीन और राशन किसी की जाति देखकर नहीं लगाए

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि टेस्ट, वैक्सीन और राशन किसी की जाति देखकर नहीं लगाए गए थे। योजनाओं का लाभ, विकास सब तक पहुंचाने का काम हमने पूरी मजबूती के साथ किया। विरोधी दल कैसी बातें कर रहे थे। जाति हाय री जाति। कल पूरे टेलिविजन रंगे थे, प्रयागराज की घटना को लेकर। पूरी घटना का साजिशकर्ता की फोटो वायरल हो रहे थी। कोई उससे भाग नहीं सकता है। हाथ मिला रहे हैं, पीछे आपकी पार्टी का सिंबल लगा है, फिर भी आप मुंह मोड़ने का काम कर रहे हैं। उमेश पाल, संदीप निषाद की कोई जाति नहीं थी क्या। यानि आप ठेका ले चुके हैं जाति का लेकिन किसी गरीब, पिछड़े को पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर मरवाएंगे, ये क्या तमाशा है, फिर मुकर भी जाएंगे, ये बड़ी अजीब बात है। राजू पाल की कोई जाति नहीं थी क्या, जब राजू पाल की हत्या हुई थी तब इस माफिया के संरक्षणदाता कौन थे। राजू पाल अपने दम पर विधायक बन गया था। आप जाति-जाति की बात करते हैं। मैंने इसी बात को पिछली बार भी कहा था। हम विकास, इन्फ्रास्ट्रक्कर, यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की बात करते हैं ।

**'सपा ने वन डिस्ट्रिक्ट वन मफिया दिया'**

नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट को लेकर सरकार के प्रयासों सवाल उठाया तो बुधवार को सीएम योगी ने उनके आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ने एमएसएमई को नया जीवन दिया है।

## 21वीं सदी में भारत की एक नई पहचान बनेंगे नए विकसित शहरः मोदी

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** मोदी ने 'शहरी नियोजन, विकास और स्वच्छता' पर आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा शहरी विकास में शहरी नियोजन और शहरी शासन दोनों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा शहरों की खराब नियोजन या योजना बनने के बाद उसका सही इम्प्लिमेंट न होना हमारी विकास यात्रा के सामने बड़ी चुनौतियां पैदा कर सकता है। वेबिनार में पीएम नरेन्द्र मोदी ने



कहा जो नए शहर विकसित हो रहे हैं, वे 21वीं सदी में भारत की एक नई पहचान बनाएंगे। भारत के तेजी से शहरीकरण के साथ, भविष्य के बुनियादी ढांचे का निर्माण करना महत्वपूर्ण है।

### फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 12 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी महीने में 1,49,577 करोड़ रुपये (1.50 लाख करोड़ रुपये) के करीब रहा है। पिछले साल फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,33,026 करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 12 फीसदी की वृद्धि हुई है। हालांकि, जनवरी के जीएसटी राजस्व संग्रह 1.56 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले फरवरी में इसमें कमी आई है।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि ।

## 'कानून और नियमों का पालन करें सभी संस्था'

### ब्रिटिश विदेश मंत्री ने उठाया बीबीसी दफ्तरों पर आईटी सर्वे का मुद्दा



**नई दिल्लीः ब्रिटेन** के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने बुधवार को अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के सामने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (बीबीसी) के दफ्तरों पर हुए आयकर विभाग (आईटी) के सर्वे का मुद्दा उठाया। इस दौरान जयशंकर ने ब्रिटिश विदेश मंत्री को सधा हुआ जवाब दिया है। जयशंकर ने क्लेवरली से साफ तौर पर कहा कि भारत में काम करने वाले सभी संस्थाओं को कानूनों और नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। क्लेवरली ने एजेंसी को बताया कि उन्होंने जयशंकर के सामने आईटी सर्वे का मुद्दा उठाया था।

**भारत दौरे पर हैं क्लेवरलीः** बता दें कि जेम्स क्लेवरली जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए हुए हैं। क्लेवरली और जयशंकर के बीच बुधवार सुबह द्विपक्षीय बैठक हुई। जयशंकर ने कहा कि हमारी पिछली चर्चा के बाद से हमारे संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। भारतीय विदेश मंत्री ने बताया कि विशेष रूप से यंग प्रोफेशनल स्कीम की शुरूआत की सराहना भी की।

**तीन दिनों तक हुआ था आईटी सर्वेः** गौरतलब है कि बीते महीने बीबीसी के मुंबई और दिल्ली स्थित दफ्तरों पर आईटी टीम ने तलाशी ली थी। तीन दिनों तक चले सर्वे में पता चला कि भारत में अपने संचालन के अनुरूप बीबीसी ने अपनी आय व लाभ का खुलासा नहीं किया। जांच में पता चला कि बीबीसी ने टैक्स का ठीक तरीके से भुगतान नहीं हुआ था।

## 'गुजरात के 'गिफ्ट सिटी' में स्थापित होंगे दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय'

**नई दिल्लीः केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को घोषणा की है कि दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय - वोलोंगोंग और डीकिन - जल्द ही गुजरात के 'गिफ्ट सिटी' में कैंपस स्थापित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस की पहली भारत यात्रा के दौरान अगले सप्ताह दोनों विश्वविद्यालय अपने परिसरों की स्थापना पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली विश्वविद्यालय वेंकटेश्वर कॉलेज में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर की मेजबानी की गई, जो देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि दो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय गुजरात में गिफ्ट सिटी में कैंपस स्थापित करेंगे। हम युवाओं के लिए शिक्षा की पहुंच, सामर्थ्य और गुणवत्ता के साथ ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी करना चाहते हैं।

दो विश्वविद्यालय डीकिन विश्वविद्यालय और वोलोंगोंग विश्वविद्यालय हैं। ऑस्ट्रेलियाई मंत्री ने यह भी घोषणा की है कि वोलोंगोंग विश्वविद्यालय के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट भारत में विश्वविद्यालय परिसर स्थापित करने में मदद करेंगे।

### 'हम अब भी संपर्क में हैं...'अब किसी को कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए... योगी

## हम तीन साल सीएम योगी के संपर्क में रहेः शिवपाल

**लखनऊः यूपी विधान**सभा में बजट पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए जहां नेता प्रतिपक्ष व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कटाक्ष किए वहीं उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव पर विनम्र रहे और कहा कि हम आपके संघर्षों का सम्मान करते हैं। आपके साथ अन्याय हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने सिंचाई योजना का उल्लेख करते हुए अपनी सरकार में किए गए कार्य का वर्णन किया। उन्हें बीच में ही टोकते हुए शिवपाल ने कहा ...अगर हम हटाए न जाते तो योजना पूरी कर देते ।



हमने करीब-करीब 90 फीसदी काम पूरा कर दिया था। जिस पर योगी बोले, जनता को पता था कि आप नहीं कर पाएंगे इसलिए हमें चुना गया जिस पर शिवपाल बोले ...अगर हटाए न जाते तो पूरा कर देते। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम तो जानते हैं कि आप विकास करना चाहते थे पर काम नहीं करने दिया गया। अगर हमारी तरफ होते तो अच्छा होता। इस पर शिवपाल ने कहा कि हम तीन साल तक आपसे संपर्क में रहे... योगी बोले, 'हम अब भी संपर्क में हैं...'। योगी ने कहा कि अब किसी को कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए...। इस पर सदन ठहाकों से गूंज उठा। योगी के भाषण के दौरान शिवपाल ने कई बार उन्हें टोंकते हुए खुद के मंत्री रहते हुए कराए गए ।

विकास कार्यों का जिक्र किया। इस पर योगी ने कहा कि आप संघर्षों से बढ़े हैं। हमारे यहां संघर्षों का सम्मान होता है। सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव मौजूद नहीं थे।

### समूह ग की परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी

## समूह ग की परीक्षा में अब नहीं होगा इंटरव्यूः सीएम

**हल्द्वानीः** मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में नकल विरोधी कानून आभार रैली में प्रतिभाग करते हुए कहा कि आपके हिस्से की सफलता का कोई और लाभ न उठा सके। इसके लिए हमारी कड़े से कड़ा सरकार निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि समूह ग की कोई भी परीक्षा चाहे वह लोक सेवा आयोग से बाहर की हो या लोक सेवा आयोग से कराई जा रही हो। सभी परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार यहां को नकल विरोधी कानून आभार रैली में प्रतिभाग करने के दौरान युवाओं को भरोसा दिया कि भाजपा की सरकार युवाओं के



भविष्य को लेकर न केवल चिंतित है बल्कि उन्हें रोजगार देने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समूह ह्यगह्व की कोई भी परीक्षा चाहे वह लोक सेवा आयोग से बाहर की हो या लोक सेवा आयोग की हो। इनके लिए होने वाले साक्षात्कार अब नहीं लिए जाएंगे। इसमें तकनीकी और गैर तकनीकी पद भी सम्मिलित होंगे अर्थात जेई जैसे तकनीकी पदों में भी साक्षात्कार की व्यवस्था पूर्ण रूप से समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह भी निर्णय लेने जा रही है, उच्च पदों में जहां साक्षात्कार आवश्यक हो, जैसे पीसीएस या अन्य उच्च पद वहां भी साक्षात्कार का प्रतिशत कुल अंकों के 10 प्रतिशत से ज्यादा न रखा जाये। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इसके अतिरिक्त समय-समय पर ऐसी भी शिकायतें मिलती हैं कि साक्षात्कार में किसी को बहुत ज्यादा अंक दिये गये या किसी अभ्यर्थी को बहुत कम अंक दिये गये। इसके लिए हमारी सरकार के पास नौजवानों व विभिन्न संस्थाओं की तरफ से विभिन्न सुझाव आते रहे हैं ।

## मीरजापुर को मिलेगी ट्रामा सेंटर की सौगात

### मध्य प्रदेश व बिहार की सीमा तक पहुंचेगा लाभ

**मीरजापुरः** विंध्य क्षेत्र मेडिकल हब बनने के साथ अब मरीजों को महानगरों की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस ट्रामा सेंटर की भी सुविधा मिलेगी। इससे उन्हें वाराणसी-प्रयागराज अथवा अन्य जनपद भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। एक ही जगह सारी सुविधाएं मिलेंगी। इससे समय के साथ रुपये की भी बचत होगी। इसका लाभ विंध्याचल मंडल के मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही के अलावा मध्य प्रदेश व बिहार की सीमा तक पहुंचेगा। गंभीर बीमारी से ग्रसित व गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में लोगों को मीरजापुर से अन्य जनपद जाना पड़ता है। वहीं मंडलीय चिकित्सालय होने के बाद भी ट्रामा सेंटर की सुविधा न होने से मरीज के साथ परिवार को भी परेशानी होती है। ऐसे में जल्द ही विंध्याचल मंडल यानी मीरजापुर को होली का तोहफा मिलेगा। मेडिकल कॉलेज के साथ अब जल्द ही ट्रामा सेंटर भी शुरू हो जाएगा। मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आरबी कमल ने बताया कि ट्रामा सेंटर जल्द ही शुरू हो जाएगा। साथ ही 30 बेड का इमरजेंसी वार्ड भी शुरू हो जाएगा। इसमें चिकित्सकों की टीम की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। अभी तक इमरजेंसी वार्ड मंडलीय चिकित्सालय में ही चलाया जा रहा था और गंभीर हालात होने पर दूसरे शहर के लिए रेफर कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

**नहीं होगी स्टाफ नर्स व चिकित्सकों की कमीः** अब स्टाफ नर्स व चिकित्सकों की कमी से नहीं जूझना नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई जख्मी हुये है। पुलिस ने दोनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम राजेतारा निवासी राम सिंह पुत्र पुन्नी लाल का आरोप है कि बंटवारे को लेकर उसे लाठियों से मार पीटा गया जिससे उसका दांत टूट गया। राम सिंह ने मऊआइमा थाने में राधेश्याम, रावेन्द्र ,ननके लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उधर ग्राम बकराबाद निवासी शाहिद अली पुत्र अजीज उद्दीन का आरोप है कि बकरी बांधने को लेकर उसे दौडा दौडा कर पीटा गया जब जान बचा कर घर में घुस गया तो घर में घुस कर मारा पीटा गया और गृहस्थी का सामान तोडते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। शाहिद अली ने मऊआइमा थाने में सलमान, फरमान ,हसमत अली, अहमद अली, शौकत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# आक्रोश : मृतक मजदूर के परिजनों ने शव सड़क पर रख किया चक्का जाम

## पुलिस के समझाने बुझाने पर खत्म हुआ चक्का जाम, ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा





अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के पांडेय का मड़हा सिकरो में बीते सोमवार को सरिया लदे ट्रैक्टर को पलट जाने से ट्रैक्टर पर सवार मजदूर राकेश पुत्र विजय आदिवासी (32) निवासी देवीबांध थाना खीरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा बीते सोमवार को सायं 6 बजे के आसपास हुआ था। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने सरिया लदे ट्रैक्टर को हिरासत में लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक राकेश दो भाइयों में बड़ा था जिसको दो पुत्र मंजीत और सुजीत पुत्री दुर्गा हैं। बुधवार को सुबह मृतक की पत्नी उषा व आक्रोशित अन्य परिजनों ने देवीबांध गांव में कोरांव लेडियारी मुख्य मार्ग पर शव सड़क पर रख चक्का जाम कर दिया। मृतक की पत्नी उषा ने कहा कि घटना को दो दिन बीत गए लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। चक्का जाम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। सूचना पर थाना प्रभारी खीरी वीरेंद्र सोनकर थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह दलबल के साथ चक्का जाम स्थल पर पहुंच गए। जहां आक्रोशित परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतक की पत्नी उषा ने कहा कि मेरे तीन बच्चे हैं। पति की मौत के बाद उनकी परवरिश आगे कैसे होगी वह मदद की गुहार लगा रही थी। मृतक की मां गुलाब कली की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक रामजी मिश्रा व अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षक साथियों ने शोकाकुल परिवार को दिया 2.32 लाख रुपये का सहयोग



**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ के कंपोजिट विद्यालय करिया खुर्द में तैनात शिक्षक रविप्रकाश के निधन पर शिक्षक साथियों ने शोक व्यक्त किया है। बीईओ के साथ तमाम शिक्षक रविप्रकाश के घर पहुंचे और 2.32 लाख रुपये का सहयोग प्रदान किया। बताते चलें कि रविप्रकाश का आकस्मिक निधन 19 जनवरी को हो गया था। रविप्रकाश के पीछे उनकी पत्नी और 15 वर्ष की बेटी स्वेक्षा सिंह और छह वर्षीय बेटा आरुष सिंह है। बीईओ शंकरगढ़ शैलपति यादव के साथ तमाम शिक्षक साथी दिवंगत शिक्षक रविप्रकाश के घर पहुंचे और उनकी पत्नी व बच्चों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। शिक्षक साथियों ने कहा कि वह लोग सदैव हर प्रकार की मदद के लिए तत्पर रहेंगे। इस दौरान सभी अध्यापकों के सहयोग से एकत्र किए गए 2.32 लाख रुपये का सहयोग स्व. रविप्रकाश की पत्नी पुष्पा सिंह को सौंपा गया। बीईओ ने कहा कि इसके अलावा अन्य विभागीय मदद भी की जा रही है। इस मौके पर शिक्षक ब्रजेश सिंह, कल्याणचंद्र द्विवेदी, धर्मेंद्र पांडेय, मनमोहन सिंह, अशोक यादव, विजय कुमार सिंह, नृपेंद्र सिंह,राजेंद्र सिंह, अमर सिंह, नेपाल, प्रमोद सिंह, मान सिंह, ब्रजेंद्र, मनीष सिंह समेत तमाम शिक्षक साथी मौजूद रहे।

### त्योहारों को आपसी भाई चारा से मनाने की अपील



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना परिसर में बुधवार को इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने पीस कमेटी बैठक की और त्योहारों को भाई चारा से मनाने की अपील की। बुधवार को मऊआइमा थाना परिसर में आगामी होली और शबेबरात पर्व को आपसी भाई चारा और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। इंस्पेक्टर ने कहा कि यदि कहीं कोई विवाद हो तो उन्हें तुरन्त सूचना दें तथा ग्राम प्रधान भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ने इंस्पेक्टर को बताया कि बिजली विभाग जहां होलिका दहन होता है।वहां आ कर देखें कि कहीं बिजली प्रवाहित हो रही बिजली का तार ,केबिल न जले। इंस्पेक्टर ने विद्युत विभाग को सूचना देने की बात कही। पीस कमेटी की बैठक में पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी ,ग्राम प्रधान गुड्डू ,निमिष खत्री ,अमजद ,धर्मेंद्र, सुरेश सरोज, राम सजीव पटेल ,मिठाई लाल ,ओमप्रकाश,बबलू सिंह ,तीरथ ,वारिस आदि बडी संख्या में संभ्रात लोग मौजूद थे।

### बीमारी के दौरान पत्रकार का निधन शोकसभा आयोजित



**सिरसा।** बीमारी के चलते मांडा क्षेत्र के एक बुजुर्ग पत्रकार का निधन हो गया। निधन केबाद तमाम पत्रकारों, पत्रकार संगठनों व समाजसेवियों ने शोकसभा कर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । मांडा क्षेत्र के कुशलपुर गाँव निवासी पत्रकार डाक्टर हीरा मणि त्रिपाठी (75) का सोमवार देर रात निधन हो गया। वे इन दिनों बीमार चल रहे थे । मंगलवार को उनका डेंगुरपुर गंगाघाट पर अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें क्षेत्र व जनपद के तमाम राजनेता, पत्रकार व समाजसेवी मौजूद रहे । मुखाग्नि उनके बेटे विजय शंकर त्रिपाठी ने दी । उनके निधन पर भारतीय पत्रकारसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह बिसेन, भारतीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक डाक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय, पत्रकार वेलफेयर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित तमाम पत्रकार संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोकसभा कर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

# मिष्ठान की दुकान पर गोली चलाने वाले आरोपियों के दो संरक्षणों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

**मिष्ठान कारोबारी को गोली मार कर हत्या की कोशिश करने वाले दो संरक्षण को भेजा गया जेल**

**मऊआइमा।** मिष्ठान के दुकानदार को सरेशाम बीच चौराहे पर गोली मारने की कोशिश करने वालों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास नेशनल हाईवे के चौराहा पर मिष्ठान के दुकानदार मुकेश कुमार जायसवाल को 26 फरवरी को रंजिशन गोली मारने की कोशिश आधा दर्जन बदमाश तीन बाइकों से आए किया था। बदमाशों की गोली मिस हो जाने से दुकानदार बाल बाल बच गया था। तथा उसका चचेरा भाई लवकुश बदमाशों से भिड गया था। उसके सिर में तमंचे के बट से मार कर जख्मी कर दिया गया था। आपा धापी में एक बदमाश का लाइसेंसी रिवाल्वर गिर पडा था।बदमाश लोगों को आता देख कर दिवैनी की ओर फायर करते हुए भाग गए थे। मुकेश ने प्रतापगढ़ के मान्धाता थाना क्षेत्र के ग्राम पितईपुर निवासी सलमान ,बरसंडा के सुफियान, जद्दोपुर के फक्के उर्फ फखरे आलम और तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों को संरक्षण देने वाले तथा उनके खुफिया स्थानों पर भोजन आदि पहुंचाने वाले अमजद पुत्र मकसूद ग्राम रामपुर बजहा थाना मान्धाता ,इकरार पुत्र इसरार ग्राम जद्दोपुर मान्धाता प्रतापगढ़ को बुधवार को सुबह मऊआइमा पुलिस ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# जेल के पास हाइवे पर गिरा पेड़, घंटो बाधित रहा यातायात

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** थाना क्षेत्र के सेंट्रल जेल गेट के पास मंगलवार देर रात पुराना पीपल का पेड़ की डाल सड़क पर गिर गई उसकी चपेट में एक स्कॉर्पियो कार आ गई गनीमत रही कि उसमें सवार कोई भी हताहत नहीं हुआ मंगलवार दे रहा सेंट्रल जेल गेट के सामने लगभग 50 वर्ष से अधिक पुराना पीपल के पेड़ की एक डाल प्रयागराज मिजार्पुर राज्य मार्ग पर गिर गई डाल इतनी बड़ी थी कि दोनों ओर यातायात बाधित हो गया सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद डाल को हटाया और जाम खुलवाया इस दौरान छोटे व बड़े वाहन स्टेशन रोड होते हुए एवं पुराने पुल से होते हुए मिजार्पुर की ओर जा सके। वही लोगों का आरोप है कि बड़े वाहन नैनी स्टेशन रोड तरफ से जाते हैं तो आए दिन चेंबर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं वही पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं लोगों के घरों में गंदा पानी आने लगता।

## नैनी संघ कार्यालय पहुंचे मोहन भागवत

**नैनी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को नैनी खरकौनी स्थित संघ कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने विश्राम के बाद भोजन किया और एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनकी सुरक्षा के लिए कई थानों की फोर्स मौजूद रही। मंगलवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मीरजापुर से लौटते समय नैनी खरकौनी स्थित माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में स्थित संघ कार्यालय पहुंचे। उन्हें 12 बजे पहुंचना था, लेकिन वह समय से पहले ही पहुंच गए। लगभग एक से सवा घंटा विश्राम के बाद उनके लिए खाना परोसा गया। उनके लिए कार्यालय में ही बने भोजन को पहले चिकित्सक ने जांच किया उसके बबाद उन्हें परोसा गया। संघ प्रमुख को अरहर की दाल, रोटी आलू बैगन का भरता, कटहल, मिक्सवेज, बेसन की सब्जी, पपीता का खीर, रस मलाई, दही बड़ा, गुड़ व मिक्स अचार परोसा गया। भोजन के बाद वह एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान एसपी ट्रैफिक, कई सर्किल के एसीपी व कई थानों की फोर्स उनकी सुरक्षा में लगी रही।



# चामू प्रधान पर ग्रामीणों ने आवास एवं अन्य लाभ न देने का लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**बारा।** विकासखंड जसरा के ग्राम पंचायत चामू के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान बृजेश पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान अपनी दबंगई के चलते अपनी मनमानी करने पर तुले हुए हैं।जबकि उनकी पत्नी ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई हैं लेकिन वह एक भी दिन विकासखंड कार्यालय नहीं जातीं ,सारा काम प्रधानपति बृजेश ही देखते हैं।हरिजन बस्ती की महिलाओं ने बताया कि हमलोगों ने कर्ज आदि लेकर प्रधानमंत्री आवास के प्रधान को दस हजार रुपये भी दिये थे, उन्होंने कहा था कि ऑफिस में खर्चा करना पड़ता है।दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी प्रधान ने न हम लोगों को सरकारी आवास दिला सके और न ही शौचालय।जिस कारण बहुएं, बेटियां बाहर खुले में शौच मुक्त करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने माँग किया है कि हम लोगों की परेशानियों को संज्ञान में लेते हुए प्रशासनिक अधिकारी या तो हम लोगों के द्वारा दिये गए पैसे वापस करवा दे। अगर हम लोग वास्तव में आवास योजना के पात्र नहीं हैं तो आवास या शौचालय न दिया जाये और पात्र पाये जाने पर लाभ दिलाने की पहल की जाए।

# शुआट्स में वर्षिक एथलेटिक मीट प्रारंभ

अखंड भारत संदेश



**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स की दो दिवसीय 6वी वार्षिक एथलेटिक मीट 2022-2023 का भव्य उद्घाटन बुधवार को हुआ। उद्घाटन श्री आर. एस. बेदी, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बास्केटबॉल और वर्तमान में वाइस प्रेसिडेंट उत्तरप्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन ने किया। उन्हें विश्विद्यालय के कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डा.) एस. डी. मैकार्टी ने प्रतीक चिन्ह और शाल भेंट की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों से अपील की कि वह खेल खेलने की मयार्दा बनाए रखने के साथ आपसी सौहार्द भी बनाए रखे। सकारात्मक सोच बढ़ाने को कहा और खेल में हार जीत खेल के हिस्से होते हैं। मुख्य अतिथि श्री बेदी ने खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य और उन्हें चोटों से बचाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और उन्होंने विश्वविद्यालय के जनरल कैप्टन विपिन कुमार मिश्रा को अग्नि प्रज्वलित करने के लिए मशाल सौंपी। मुख्य अतिथि द्वारा आकाश में शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को भी छोड़ा गया। एथलेटिक मीट के उद्घाटन सत्र के दौरान एथलेटिक कोर कमेटी के सदस्य और शूआट्स के चीफ प्रॉक्टर (डॉ.) देवराज बड़ागू ने अपने संबोधन के दौरान सभी अधिकारियों का स्वागत किया। डा. सुनीता बी.जॉन, एथेलेटिक्स कमेटी की सचिव वा हेड शारीरिक शिक्षा विभाग शुआत्स ने बुके द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रथम दिन क्रॉसकंट्री रेस पुरूष वर्ग में आकाश (ब्लू हाउस, प्रथम), विपिन(द्वितीय, पिंक), क्रांतिक रेड्डी(रेड हाउस तृतीय) रहे। महिला वर्ग में शीतल सिंह (पिंक हाउस, प्रथम),हिमांसी जैसवेर(पिंक हाउस, द्वितीय), अंकिता रेड्डी (रेड हाउस, तृतीय) रहे। 1500 मीटर रेस पुरूष वर्ग- आकाश (ब्लू, प्रथम),विपिन(द्वितीय, पिंक), क्रांतिक रेड्डी(रेड, तृतीय) रहे। महिला वर्ग में शीतल सिंह (पिंक हाउस, प्रथम), अंकिता रेड्डी (रेड हाउस, द्वितीय), शैरोन सुब्बा (तृतीय, पिंक हाउस) रहे। हाईजंप पुरूष वर्ग में आकाशकुमार (प्रथम, ब्लू हाउस), टीनू सिबिचन (द्वितीय, पिंक हाउस), बेटजेन जाय (तृतीय, रेड हाउस ) रहे। महिला वर्ग में शालू सिंह (प्रथम, येलो हाउस), रिंसी रेजी (द्वितीय, रेड हाउस),एलिना तिर्की(तृतीयपिंक हाउस) रहे। जैवलिन थ्रो पुरूष वर्ग में अमन कुमार पटेल(प्रथम, येलो हाउस), एलन एवन सिंह (द्वितीय, पिंक हाउस), सी मंजूनाथ (तृतीय, ब्लू हाउस) रहे। महिला वर्ग में शीतल सिंह (प्रथम, पिंक हाउस), दीप्ति जोशी (द्वितीय, ब्लू हाउस),मानसी सारस्वत(तृतीय, येलो हाउस) रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ.) टेरेंस थॉमस, डॉ. आशीष एस नोएल, प्रोफेसर (डा.) जे. एन मिश्रा, प्रोफेसर (डा.) आलोक मिल्टन, प्रोफेसर (डा) मैथ्यू मैरियन , एथलेटिक कोर कमेटी की सदस्य डॉ समाला एस मसीह, डॉ प्रियंका, डा. विक्रम, फादर यशब कुमार, डॉ इंद्रेश बी राजवाड़े, डॉ मनीष रॉय तुर्की, श्री अजय कुमार, श्री आशीष मैसी, ,(डा)अचिंत टेरेंस, डॉ (श्रीमती) दीप्ति जोशी, श्री राकेश साहू, श्री मोहम्मद मजीद, श्री आरके सिंह, श्री अनूप मसीह,डॉ फैजान अहमद,डॉ एनिड मसीह, , डॉ कासिम, श्री संजय दास,नरेश कनौजिया, श्री प्रवीण राय, श्री बिपिन कुमार सिंह, डॉ संतोष श्रीवास्तव, श्री आरके सिंह, श्री अनूप मसीह, श्री जैकब वा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों और छात्रों ने बहुत समर्थन प्रस्तुत किया है। यह जानकारी राकेश सही ने दी।

# कृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए बरियांवा निवासी

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** बरियांवा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक कुलगुरु आचार्य रमेश प्रसाद शुक्ल महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा भगवान ने रास आरंभ किया माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। आरती प्रसाद वितरित किया गया जिसमें इस अवसर पर यजमान पंडित बरमदीन तिवारी, रामरती देवी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, लालती देवी, चंद्रकांत तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, आचार्य रामदेव तिवारी सोहगौरा, इंजीनियर घनश्याम पांडेय, नागेंद्र प्रताप सिंह, डिंपी पांडेय, छोटेलाल तिवारी, आचार्य धीरज द्विवेदी, पंडित विष्णु पांडेय, आचार्य मनमोहन पांडेय, मनोज पांडेय, वकील मिश्रा, दिनेश पांडेय, जगदीश दुबे, शीतला मिश्रा, दीवाकर तिवारी, कपिल देव तिवारी, इंद्रमणि तिवारी, त्रिलोकीनाथ शुक्ला, अनिल द्विवेदी, सुरेंद्र शुक्ला, बबऊ पांडेय, चंद्रशेखर शुक्ला, राम अकबाल शुक्ला, मोहन लाल तिवारी, बबलू पांडेय, सत्यांश तिवारी शिवांश, फोटो तिवारी, रुपा तिवारी, श्रद्धा तिवारी, दिव्यांश तिवारी कान्हा, श्रुति तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### भोगीपुर चौरा माता मंदिर पर निशान चढ़ाया

**जंघई।** सेमरी, भोगीपुर गांव चौरा माता मंदिर पर गांव एवं क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है बता दें कि क्षेत्र व गांव के लोग चौरा माता मंदिर पर मानता मांगते है जो चौरा मां की कृपा से पूर्ण भी होती है। भोगीपुर निवासी राम मूरत यादव की भी मान्यता पूर्ण होने पर चौरा माता मंदिर पर डीजे, भांगड़ा एवं गांव वालों के साथ बुधवार को निशान चढ़ाया।इस अवसर पर शंकर लाल यादव, पवन यादव, रिंकू यादव, विशाल तिवारी, रोहित ब्राह्मण, शुलभ तिवारी, अजय पांडेय, राहुल शर्मा सहित तमाम ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित आरोप मुकदमे से जुड़े विधिक कार्यवाही पूरी की।पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व में चन्द्रपाल सिंह ने घर में आग लगाने की सूचना पर सम्बन्धित अभियुक्त की तलाश मे मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस के पीछे सड़वा से अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र स्व0 बृजलाल निवासी सड़वा कला थाना औद्योगिक क्षेत्र उम्र करीब 22 वर्ष को हिरासत में पुलिस ने लिया।अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 44/23 धारा 436 भादवि पंजीकृत है। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी पिंकी देवी पत्नी राहुल कुमार निवासी सड़वा थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र स्व0 बृजलाल निवासी सड़वा कला द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर 27 तारीख को समय करीब रात्रि 8.00 बजे उर्मिला देवी के छप्पर में आग लगा दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर शिकायत की थी।

# आवारा पशुओं से किसान परेशान

अखंड भारत संदेश



**बारा।** क्षेत्र के सेहुंडा, बारा, टिकरी,नीबी,लोहगरा, धरा,बवंधर, खिन्नी,सोनवै, सुन्दरपुर, भोंड़ी आदि गाँवों के किसान दिन तो दिन रातों को भी खेतों में ही नजर आते हैं।किसानों का कहना है कि अगर रात घर में रह गए, तो सारी फसल साफ मिलेगी। गेहूँ, सरसों, अलसी,मटर की तैयार हो रही फसलें घूमंतू पशु मौका पाते ही खेतों में घुसकर सत्यानाश कर देते हैं।इतना ही नहीं, ये पशु इतने चालाक होते हैं कि जरा सी आहट सुनाई पड़ने पर फौरन खेतों से भाग लेते हैं।आवारा पशुओं के साथ साथ नीलगायों का भी आतंक बढ़ रहा है।नीलगाय भी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। महेश तिवारी, सुमन्त भार्गव, शिवप्रसाद शर्मा, भैयन शर्मा, विधायक चौहान, बहादुर शर्मा सहित कई किसानों ने सरकार से माँग किया है कि राजस्व विभाग द्वारा जमीन चिन्हित करवाकर एक गौशाले का निर्माण किया जाये या खेतों की सुरक्षा के लिए सरकार किसानों को कुछ अनुदान देना सुनिश्चित करे। किसान नत्थू पाण्डेय ने कहा कि यदि सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो किसान भुखमरी के शिकार हो जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने सुने मकान से दो लैपटॉप ,नगदी व आभूषण समेत लाखो का सामान किया पार

**जारी।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत जारी बाजार गल्ला मंडी के पास हाइवे पर जारी बाजार निवासी आदित्य जायसवाल पुत्र महेश जायसवाल के मकान में सोमवार की बीती रात सुने मकान में चोरो ने घर के सामने का दरवाजा का ताला तोड़कर दो लैपटॉप ,पच्चीस हजार रुपये नगद ,पाँच तोला सोना ,ढाई सौ ग्राम चांदी समेत लगभग तीन लाख रुपये से अधिक का सामान पार कर दिया।पीड़ित ने बताया की बाजार में ही परिवार की शादी में घर के लोग सम्मिलित होने गए थे।घर मे ताला बन्द था।सुबह जब घर के स्वजन पहुँचे तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ देख दंग रह गए ।चोरी की घटना होते ही लोगो की भीड़ जुट गई स्थानीय लोगो ने बताया कि पुलिस द्वारा पिकेट ड्यूटी ना होने से चोरी की घटनाए बढ़ रही ,जिससे चोरो का हौसला बुलन्द है चोर आये दिन एक नए घटना को अंजाम दे रहे है। सूचना पर पहुँची पुलिस जाँच में जुटी पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

# बुलडोजर ने ध्वस्त किया अतीक के करीबी का मकान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का बुलडोजर चकिया इलाके में बुधवार को उमेश पाल हत्याकांड में शाइस्ता परवीन तथा उनके दोनों बच्चों का नाम आने के पश्चात बुधवार को चकिया इलाके में आलीशान मकान को ध्वस्त कर दिया गया बताया जा रहा है कि इस मकान में शाइस्ता परवीन अपने दोनों बच्चों के साथ रहती थी । बुधवार की दोपहर बाबा का दो बुलडोजर तथा पुलिस प्रशासन पहुंचा तो आसपास के मुहल्लों में हड़कंप मच गया देखते ही देखते बाबा का बुलडोजर पांच घंटे में ही आलीशान मकान को धराशाई कर दिया । बताया जा रहा है कि जफर खान अतीक का करीबी है उसी मकान में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और दोनों बच्चे उसी मकान में रहती थी। वही शाइस्ता परवीन का कहना है कि मकान वह किराए पर ली थी वह किराए पर रह रही थी जफर खान बांदा में रहता है। पर विकास प्राधिकरण का कहना है कि यह मकान बिना नक्शा पास कराए बनाया गया था इस मकान में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग रहते थे उमेश पाल हत्याकांड से जुड़ा हुआ मामला बताया जा रहा है ।





## अतीक अहमद के घर से पुलिस के हाथ लगा अली का दो बर्थ सर्टिफिकेट

**प्रयागराज।** बुधवार को बुलडोजर चलाने से पहले तलाशी के दौरान अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के आवास से पुलिस को अतीक के बेटे अली के दो जन्म प्रमाण पत्र हाथ लगे। इसमें एक प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 2002 और दूसरे में 2008 अंकित है। पुलिस ने दोनों प्रमाणपत्रों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि अली को नाबालिग साबित करने के लिए अली का दूसरा प्रमाण पत्र 2008 की तिथि में बनवाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**पीडीए द्वारा गिराया गया मकान बेनामी संपत्ति नही :** पीडीए की कार्रवाई के बाद मुहल्ले के लोगों का कहना है कि पीडीए के द्वारा जो मकान गिराया गया है वह अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति नहीं है। यह मकान जफर के नाम पर है और उसने अपने अर्जित धन से इसे खरीदा है। जफर की एनओसी के बाद शाइस्ता परवीन को बिजली का कनेक्शन मिला था। ये मकान जफर अहमद खान पुत्र मोहम्मद हबीब खान एडवोकेट निवासी बांदा द्वारा जनवरी 2021 को अपने धन से खरीदा गया था। जिसके ठीक सामने शाइस्ता परवीन का मायका है। अतीक अहमद का चकिया स्थित मकान गिरने के बाद वो अपने मायके में ही रह रही थी। जफर अहमद द्वारा इस मकान को खरीदे जाने के बाद शाइस्ता परवीन ने जफर अहमद से इस मकान को किराए पर ले लिया था। वो और उनका परिवार इसी मकान में वर्ष 2021 से रह रहा था। मकान में बिजली का कनेक्शन भी मकान मालिक के अनापत्ति पर शाइस्ता परवीन के नाम से लगा है। मकान बेनामी नही है।जफर अहमद खान जो बांदा में एएनआई के रिपोर्टर हैं। उनकी स्वर्जित आय से लिया गया है। उन्हें बिना किसी नोटिस के अवैध तरीके से ये ध्वस्तीकरण हो रहा है। यह दावा है जफर के करीबियों का। यह खालिद जफर नहीं है, जिसका नाम लिया जा रहा है। खालिद जफर प्रॉपर्टी डीलर है। जफर अहमद पर फिलहाल एक भी मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस के पास नहीं है।

# उमेश पाल हत्याकांड में घायल दूसरे सिपाही राघवेंद्र की भी मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भाजपा नेता व वकील उमेश पाल की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने वाले शूटर्स की गोली का शिकार हुए सिपाही राघवेंद्र की भी बुधवार को मौत हो गई। 24 फरवरी को जयंतीपुर में हुए उमेश पाल शूटआउट में राघवेंद्र भी शूटर्स की गोलियों का शिकार हो गए थे।घायल अवस्था में राघवेंद्र को पहले प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। बाद में तबियत में सुधार न होने और शरीर में संक्रमण बढ़ने के कारण उन्हें लखनऊ पीजीआई रिफर कर दिया था। लखनऊ के डॉक्टर्स ने राघवेंद्र को बचाने का पूरा प्रयास किया पर गोली लगने से शरीर में संक्रमण बढ़ता गया और बुधवार को डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मई में होने वाली थी शादी



**हो चुकी थी सगाई, मई में थी शादी**
पीजीआई निदेशक आरके धीमान ने सिपाही की मृत्यु की पुष्टि की है। राघवेंद्र मूतः अमेठी के रहने वाले थे। उसकी सगाई हो चुकी थी और मई में शादी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं 24 फरवरी को हुए शूटआउट में राघवेंद्र को भी गोली लग गई। फिलहाल इस दुखद समाचार से परिजनों के साथ ही साथ पुलिस महकमे में भी शोक की लहर दौड़ गई। दूसरे सिपाही की मौत से प्रयागराज शूटआउट में उमेश पाल समेत मरने वालों की संख्या 3 हो गई है।

# समाजसेवी गुफरान रक्त नायक अवार्ड से करनाल में किये गए साम्मानित

अखंड भारत संदेश

हरयाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल थे मुख्य अतिथि




**प्रयागराज।** आजादी का अमृत महोत्सव रक्तदान अभियान में नीफा के तरफ से कॉन्फ्रेंस प्रोग्राम में प्रयागराज ज़िले के अनीश पांडेय, देवेश जयसवाल, गगन सिंह, मनोज त्रिपाठी एवं मोहम्मद गुफरान खान समाजसेवी को राष्ट्रीय रक्त नायक सम्मान से नवाजा गया`निफ्फा के तरफ से रक्तदान पर दो दिवसीय का कॉन्फ्रेंस प्रोग्राम डॉ॰ मंगल सेन गवर्नमेंट ऑडिटोरियम, करनाल राज्य हरियाणा में किया गया'इस सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने प्रयागराज प्रांत के पांच लोगों को सम्मानित किया साथ ही साथ उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए करनाल में रक्त नायकों का स्वागत किया` इस दो दिवसीय कार्यक्रम में हरियाणा के तमाम आला अधिकारियों ने शिरकत की और सभा को संबोधित किया स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, वर्ल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड निफ्फा एवं रूस के तत्वावधान में आयोजित किया गया था`उक्त कॉन्फ्रेंस में प्रयागराज का नेतृत्व करते हुए रिप्लेसमेंट ब्लड डोनेशन एवं थैलिसिमियां मेजर जैसी घातक बीमारी पर अपना अनुभव साझा किया साथ ही साथ करनाल शहर में रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई `सेमिनार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, आईएएस अधिकारी एवं डिफेंस पदाधिकारी के साथ देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## उमेश पाल हत्याकांड : मेजा में एसटीएफ की छापेमारी एक को उठाया

**सिरसा।** प्रयागराज में करीब पांच-छह दिन पहले हुए उमेश पाल हत्याकांड के मामले में लगातार पुलिस व एसओजी की टीम छापेमारी कर रही है। अतीक अहमद के कुछ करीबीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह रहे उमेश पाल व उनके गनर आरक्षी संदीप निषाद की पांच-छह दिन पहले गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई। जबकि एक गनर राघवेन्द्र अस्पताल मे जिंदगी और मौत से लड़ रहा है। मामले मे दो दिन पहले हत्या मे शामिल रहे अरबाज नाम के बदमाश को पुलिस ने एनकाउंटर कर ढेर कर दिया था। उसके बाद एक और आरोपीनफीस व सदाकत भी पुलिस हिरासत में हैं। वहीं एसटीएफ व पुलिस टीम ने की हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए लगातार विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एसटीएफ व पुलिस ने मेजा इलाके में छापेमारी कर अतीक के गुर्गे गुलाम के करीबी एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक से एसटीएफ की टीम पूछताछ में जुटी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हिरासत में लिया गया युवक मेजा क्षेत्र के लोटाढ़ गांव का रहने वाला है। जिसे एसटीएफ ने पकड़ा और युवक से गुलाम के लोकेशन की जानकारी ली गई।

## आनंद गिरि की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज, हाईकोर्ट का आदेश बरकरार



**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार आनंद गिरि की जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस एहसान अमानुल्ला की पीठ ने इलाहबाद हाईकोर्ट का आदेश बरकरार रखते हुए कहा कि फिलहाल इस स्तर पर उस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है।पीठ ने कहा, हमने याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील और प्रतिवादी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की दलीलें सुनीं और याचिका के दस्तावेज और आदेश का अवलोकन किया। हमें इस पर स्तर पर उस आदेश में हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं दिखता।हालांकि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया, यदि परिस्थितियों में बदलाव होता है और वाजिब समय तक निचली अदालत के समक्ष मामले में कोई प्रगति नहीं होती है तो याचिकाकर्ता के पास निचली अदालत के समक्ष फिर से जमानत याचिका दायर करने का अधिकार होगा। आनंद ने हाईकोर्ट के पिछले साल सितंबर के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने यह कहते हुए जमानत देने से इन्कार कर दिया था कि याचिकाकर्ता के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। इससे पहले निचली अदालत ने भी आनंद गिरि की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। 20 सितंबर, 2021 को प्रयागराज के बाघंबरी गद्दी मठ में महंत नरेंद्र गिरि का शव पंखे से लटका मिला था। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें उन्होंने आनंद गिरि सहित कुछ अन्य पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

## तमंचे व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**बारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक थाना क्षेत्र के ही रिगवा-धरा मार्ग पर अवैध तमंचे के साथ खड़ा हुआ है और वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सक्रिय हुए और बिना देरी किये मौके पर पहुंचकर उसी स्थान से अभियुक्त मुकेश कुमार धुरिया पुत्र फूलचंद धुरिया निवासी ग्राम बसहरा तरहार,थाना लालापुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया।उक्त बरामदगी के सम्बंध में मुअस 28/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया और नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।उक्त गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक कौशलेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ कांस्टेबल दिनेश पाल व रजत कुमार व अभिषेक यादव प्रमुख रहे।

**NOTICE**

"Notice is hereby given that, Colleen Patrice Lynch, daughter of David Marlborough Lynch, is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary."

## कार्यालय ग्राम पंचायत उलाचूपुर विकास खंड सिराथू जनपद कौशांबी

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उलाचूपुर विकासखंड सिराथू जनपद कौशांबी में जूनियर हाई स्कूल की बाउंड्री के निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है जूनियर हाई स्कूल के बाउंड्री के निर्माण की अनुमानित लागत 9 लाख 86 हजार 725 रूपए है पंजीकृत फर्म ठेकेदार उक्त कार्य की निविदा में निविदा फार्म जमा कर सकते हैं 2 मार्च 2023 से 10 मार्च 2023 तक इच्छुक ठेकेदारों पंजीकृत फर्म द्वारा निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किया जाएगा 11 मार्च 2023 को समय 11:00 दिन में ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित फार्म ठेकेदारों के समक्ष सार्वजनिक तरीके से निविदा टेंडर खोली जाएगी निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सोनेलाल**
ग्राम प्रधान उलाचूपुर
विकास खंड सिराथू
जनपद कौशांबी

**लक्ष्मीनारायण मौर्या**
ग्राम विकास अधिकारी
उलाचूपुर विकास खंड सिराथू
जनपद कौशांबी

## न्यूज झरोखा

### आनन्द मार्ग स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

आज के समय में बच्चों को पढ़ाना बहुत जरूरी : आनन्द प्रतिष्ठा आचार्य



**नैनी।** आनन्द मार्ग स्कूल खरकौनी का वार्षिकोत्सव आज धूम धाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता ने मार्ग गुरु देव की प्रतिकृति के समक्ष दीप प्रजज्वलित करके किया.कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रणजीत,डॉ.अन्सारी, नजीम अन्सारी और केन्द्रीय सचिव आचार्य थे,नौनिहालों के द्वारा प्रभात संगीत और बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरुकता का सन्देश दिया.महापौर ने अभिभावकों से लडकियों को खूब पढाने की अपील की जिससे सुन्दर समाज का निर्माण हो. इस कार्यक्रम में राजकुमार, कालूराम, सुशील और आनन्द जयस्मिता दीदी का विशेष सहयोग रहा.कार्यक्रम का समापन प्रधान अध्यापिका अवधूतिका आनन्द प्रतिष्ठा आचार्य के धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मनरेगा पार्क का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**कोरांव।** खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत अल्हवा में निमार्णाधीन विकास कार्यों का अचानक जायेजा लिया। श्री मुकेश कुमार ने अल्हवा में निमार्णाधीन मनरेगा पार्क तथा स्मृति वाटिका आदि विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा सराहना किया। और समुचित ढंग से और भी विकास कार्यों को चालू करने अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब को सुंदरी करण किए जाने का कार्य योजना स्वीकृत किए जाने की बात कही। उन्होंने स्मृति वाटिका अल्हवा में हुए कार्यों की तारीफ भी की। साथ ही बेहतर पौधों को लगवाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने और भी जरूरत के विकास कार्य किए जाने की स्वीकृति दिए जाने का आश्वासन दिया। उनके साथ मनरेगा टीसी अवर अभियंता भी साथ रहे।

### डेलौहा जानकीगंज मे राजमिस्त्री सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मेजारोड।** मेजारोड क्षेत्र के डेलौहा जानकीगंज गांव मे शिवम टाइल्स फर्म हाउस के निदेशक आनंद केशरी के फर्म पर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक जाने-माने वाले राजगीर और ठेकेदारों को निवेश में डबलबुल सीमेंट कम्पनी के इंजीनियर प्रवीण चौहान और डीलर नन्द किशोर ट्रेडिंग कम्पनी बरदहा के प्रोपराइटर सर्वेश यादव के द्वारा बताया गया कि डबल बुल सीमेंट भारत की प्रथम प्रीमियम सीमेंट विक्रेता कम्पनी है जो देश के प्रमुख टाप कम्पनी मे शूमार है कंपनी का उत्पादन क्षेत्र में भभुवा सीमेंट प्लांट उत्पादित एवं विपणन किया जाता है क्षेत्र के इंजीनियर एवं ठेकेदारों का राजकीय माने तो डबलबुल मास्टर उन्नत किस्म का सीमेंट है और इसको लगाकर वे सभी काफी बेहतर मजबूत टिकाऊ निर्माण पिछले कई वर्षो से करते आ रहे है कम्पनी से आए तकनीकी अधिकारी प्रवीण चौहान का आयोजक आनंद केशरी ने अभिनंदन स्वागत किया। इस मौके पर डीलर सर्वेश यादव राजगीर हरीश चन्द्र पटेल, जब्बार ,छोटे लाल राजेश पटेल नचकूऊ , सहित दो दर्जन राजगीर मिस्त्री उपस्थित रहे।



# आज करो अर्जेंट करो हमको परमानेंट करो , सीएचसी मेजा में आशा संगिनियों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऐक्टू के राज्यव्यापी आह्वाहन पर सीएचसी मेजा पर कार्यबंदी करते हुए आशाओं ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम अधीक्षक को ज्ञापन देकर अपनी विभिन्न मांगों की मांग की। प्रदर्शन के दौरान आज करो अर्जेंट करो हमको परमानेंट करो,2 हजार में दम नहीं 21हजार से कम नहीं, आशा व आशा संगिनियों को स्थाई करो आशाओं का शोषण बंद करो,₹ योगी मोदी होश में आओ, यौन हिंसा को रोकने के लिए महिला सेल का गठन करो, आशाओं को ईएसआई का लाभ दो, 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा 50 लाख का जीवन बीमा की गारंटी करो इत्यादि नारे लगे। आज हुए प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन मेजा की सचिव संध्या श्रीवास्तव ने कहा कि आशा समाजसेविका नहीं कर्मचारी है, जिसकी मान्यता श्रम सम्मेलन से मिली है।इनको न्यूनतम वेतनमान व पीएफ, ईएसआई, पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। प्रदेश भर में आशा व आशा संगिनी का 4 से6 माह तक संपूर्ण मानदेय बकाया रहता है।बहुत अल्प प्रोत्साहन राशि में रात दिन श्रम करने वाली आशा व आशा संगिनी भुखमरी की शिकार होती रहती हैं,किंतु उस अल्प अपमानजनक कथित मानदेय के भुगतान की चिंता न एन एच एम को रहती है और न सरकार को।सरकार द्वारा घोषित आशा का 6 हजार 7 सौ+ अन्य कार्यों की प्रोत्साहन राशि व संगिनी बहनों का 11हजार + अन्य सेवाओं की प्रोत्साहन राशियां अभी तक सरकारी जुमला ही है।उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की अध्यक्ष किरन सिंह ने कहा कि अल्प मानदेय में रात दिन श्रम करने वाली आशा व आशा संगिनी भुखमरी की शिकार हैं और कई माह की प्रोत्साहन राशि बकाया है।इसके अलावा भी वर्षों से दस्तक व आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे कार्यों में अलग से समकालीन कार्यों में किए गए नियोजनों की कोई प्रोत्साहन राशि आज तक भुगतान नहीं की गई । उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की सचिव संध्या श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी आशा ऐसी नहीं है जिसने 5 से एक हजार तक गोल्डन आयुष्मान कार्ड बनाने समेत अन्य कामों में योगदान न किया हो।वर्तमान समय में फिर योगदान कराया जा रहा है।पूर्व घोषित5 रुपया प्रति कार्ड की अनुतोष राशि व इस वर्ष की प्रति कार्ड की घोषित 10 रुपए की राशि का भुगतान नहीं मिला।प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए सफाई मजदूर एकता मंच के जिला उपाध्यक्ष व ऐक्टू के नेता वीरेंद्र रावत ने कहा कि सरकार ने चुनावी वर्ष में समारोह पूर्वक आशा कर्मियो को उपहार कहकर मोबाइल भेंट किए थे।अब उन्ही कचरा मोबाइल से कार्य का डेटा फीड करने , आयुष्मान कार्ड बनाने का फरमान जारी हुआ है। डेटा उधार, 2 जी नेटवर्क , दूर दराज ग्रामीण जीवन में नेटवर्क संकट , उस पर एक घंटे की ट्रेनिंग पर कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य करने को विवश किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुनीता ने 3मार्च को मेजा तहसील पर होने वाले प्रदर्शन में सभी आशाओं को शामिल होने की अपील किया।प्रदर्शन में अर्चना, पूनम,नेहा द्विवेदी,नेम कली रहीं। भाकपा माले के जिला प्रभारी सुनील मौर्य, वीरेंद्र रावत ने शामिल होकर समर्थन किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कचरी , वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 28-2-2023

ग्राम पंचायत **कचरी** में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **कचरी** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01-03-2023 से दिनांक 14-03-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15-03-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15-03-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | रूद्र प्रताप के घर से राजेन्द्र बीडीसी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.43 लाख | 1 माह |

**धर्मराज सिंह**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कचरी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

**आदित्य कुमार पौडवाल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कचरी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## बैठक के जरिए व्यापारियों ने जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के बाबूगंज बाजार मे बुधवार को व्यापारियों की बैठक मे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद केसरवानी के भाई केदारनाथ केसरवानी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारियों ने मौन धारण कर केदार नाथ की स्मृति को नमन किया। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर शिव कुमार जायसवाल, डा. फुरकान, अरूण शुक्ला, अनिल मोदनवाल, मो. सलीम, हाजी मजहर हुसैन, डा. हबीबउल्ला, शिवमूर्ति जायसवाल, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, राधेश्याम मिश्र, मो. शमसाद, डा. रमजान हुसैन, प्रधान नबाब हुसैन, मनोहर वैश्य व शिवलाल वैश्य आदि रहे।

# दिवंगत मजदूर के परिजनों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

### भट्ठा मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज होने पर माने परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर की दम घुटने से हुई मौत के मामले में आज बुधवार को मृतक मजदूर का शव सड़क पर रखकर कुण्डा मार्ग पर प्रदर्षन किया। इसे लेकर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

मृतक मजदूर गिरधारी लाल (48) के परिजनों ने बुधवार को पूर्वान्ह लगभग साढे. नौ बजे गांव के समीप कुण्डा-प्रतापगढ़ मार्ग पर शव रखकर प्रदर्षन किया। परिजनों की मांग है कि भट्ठा मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जाए तथा मजदूर की मृत्यु पर और उसकी बेटियों की शादी के लिये अनुदान मिले। बता दें कि मृतक मजदूर के एक



बाजार में आक्रोश जताते ग्रामीण।

16 साल का पुत्र तथा चार बेटियां हैं जिसमें केवल एक बेटी की शादी हुई है, तीन अभी अविवाहित हैं। घटना स्थल पर जेठवारा पुलिस के अलावा एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी पहुंचे थे, जिनके आष्वासन पर प्रदर्षन खत्म हुआ। बता दें कि गिरधारी लाल जेठवारा थाना क्षेत्र के रेडी गांव में रहने वाला था। वह गांव के ही एक ईंट भट्ठे में मजदूरी का कार्य कर रहा था। सोमवार की शाम भट्ठे की आग से वह दम घुटने से बेहोष हो गया था जिसे लालगंज सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने मंगलवार को इसका पोस्टमार्टम कराया। शाम को उसका शव घर पहुंचा तो बुधवार की प्रातः मृतक के परिजन शव लेकर कुण्डा मार्ग पर आ गये और शव रखकर प्रदर्षन करने लगे। इसकी सूचना पर जेठवारा पुलिस पहुंची लेकिन परिजन नहीं मानें तो एसडीएम और क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर मांगों के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों से बात कर समाधान निकालने का आष्वासन दिया, जिस पर प्रदर्षन खत्म हुआ। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर भट्ठा मालिक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हाईस्कूल अंग्रेजी में 5587 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेष माध्यमिक षिक्षा परिषद का आज प्रथम बेला में हाईस्कूल अंग्रेजी का प्रष्न पत्र था जिसमें जिले के सभी 213 परीक्षा केन्द्रों पर 51101 परीक्षार्थियों न परीक्षा दी और 5587 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। बुधवार को प्रथम बेला में सुबह से परीक्षार्थियों की परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लग गई थी। अंग्रेजी का पर्चा होने पर परीक्षा केन्द्रों पर ज्यादा चैकसी थी। परीक्षा केन्द्रों पर गेट पर तलाषी ली जा रही थी। तीन घंटे की परीक्षा के बाद परीक्षा केन्द्रों से निकले परीक्षार्थी एक दूसरे से पर्चा मिलान कर रहे थे। षिक्षा विभाग के अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते देखे गये। बता दें कि सभी परीक्षा



परीक्षा देकर बाहर निकलकर प्रश्न पत्र का मिलान करती छात्राएं।

केन्द्रों पर सीसी कैमरा लगा हुआ है तथा डिजिटल तरीके से निगरानी की जा रही है। द्वितीय बेला में इंटर का भौतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र का पर्चा था जिसमें 30516 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 3495 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आज की परीक्षा में कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

# बीमा अभिकताओं को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कुंडा के विकास अधिकारी नैय्यर आलम ने सभी बीमा अभिकताओं की एक बैठक अभिकर्ता प्रशिक्षण केंद्र कुंडा में मंगलवार को संपन्न किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पूर्ण नेदु मरांडी अपने उद्बोधन में उपस्थित अभी कताओं को प्रोत्साहित करते हुए सभी अभिकताओं से कहा कि उत्कर्ष का नमूना गत वर्ष का दूना लक्ष्य बनाकर सभी अभिकर्ता इस वित्तीय वर्ष में अपने लक्ष्य को पूरा करें। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाले अभीकताओं में चन्द्र मान वर्मा, रामजी मिश्र, विजय किशोर अग्रहरि पत्रकार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, श्याम बिहारी प्रजापति शुक्ला, दशरथ लाल यादव, कमलेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम साहू, धर्मेंद्र सिंह, विजय प्रकाश मौर्य, रामजी मिश्रा, बसंत लाल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पूर्ण नेदु मरांडी ने अच्छे बीमा अभिकताओं को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# नगर पालिका के सभागार में रोजगार मेले का किया गया आयोजन

### लाभार्थियों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के सभागार में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर (पीएम स्वनिधि) योजना एवं दीनदयाल अन्त्योदय-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक के तहत शहरी क्षेत्र अन्तर्गत चयनित नगर पालिका परिषद बेल्हा के शहरी गरीबों जिनके परिवार की वार्षिक आय रुपए 1 लाख से अधिक न हो उनको स्वरोजगार की स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से अधिकतम 2 लाख का ऋण एवं समूह उद्यम में 10 लाख रुपए बैंकों के माध्यम से प्रदान किये जाने के प्राविधान



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारी।

है। इस योजना में लाभार्थी द्वारा 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज बैंक को दिये जाने का प्राविधान हैं। बैंकों की प्रचलित दरों का अन्तर ब्याज अनुदान राशि के रूप में विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। इस योजना में सुरेन्द्र कुमार, अंकित, संजय शर्मा, सैफ अली आदि लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। योजनान्तर्गत स्वयं सहायता समूह में 10 से 20 महिलाओं के समूह का गठन किया जाता है। समूहों द्वारा पंचसूत्रों का पालन कराते हुये रिवाल्विंग फण्ड विभाग द्वारा एक बार दिया जाता है। शंकर, महिला शक्ति, नई रोशनी स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड 10 हजार रुपए का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उन्नति, जनकल्याण, सदाफल देव जी, जय भारत व शीतला स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज का प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

नगर पालिका परिषद/समस्त नगर पंचायतों में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वालों को रुपए 10 हजार तक की कार्य करने हेतु ऋण की सुविधा बैंकों के माध्यम से प्रदान की जाती है। ऋण वापसी एक वर्ष में 12 मासिक किस्तों के माध्यम से वापस करना होता है। किसी भी प्रकार की बैंक गारण्टी नहीं देय है। समय पर/समय से पहले ऋण वापसी करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। 200 बार डिजिटल लेनदेन करने पर 50-100 रुपए तक की मासिक कैशबैक मिलेगा, प्रथम ऋण समय से वापसी पर द्वितीय किस्त 20 हजार रुपए व द्वितीय किस्त वापसी पर तृतीय किस्त 50 हजार रुपए ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। लाभार्थियों को क्यूआर कोड वितरण किया गया। रोजगार मेले में डिप्टी कलेक्टर/अतिरिक्त प्रभार परियोजना अधिकारी जितेन्द्र पाल, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बेल्हा राम अचल कुरील, शहर मिशन प्रबन्धक आनन्द प्रकाश मौर्य सहित बैंकों के प्रतिनिधि व डूडा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला से छेड़खानी के बाद पड़ोसी आरोपियों ने जमकर पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रंजिश की वजह से एक महिला से छेड़छाड़ करते हुए पड़ोसी आरोपियों ने महिला को लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में कोतवाली में पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे भीखा गांव की शरीफुन पुत्री मजीद ने बताया कि उसके पड़ोसी उससे बैर रखते हैं। बीते 25 फरवरी को उसके पड़ोसी तीन लोग एक राय होकर उसके घर पहुंचे और उसके साथ छेड़खानी करने लगे उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला पट्टी कोतवाली पहुंची और इस संबंध में पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# सीआरएस का दौरा आज, ट्रेन से करेंगे ट्रैक का ट्रायल

### अंतू से शुरू होगा ट्राली निरीक्षण, शाम को दौड़ेगी ट्रेन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेल संरक्षा आयोग (सीआरएस) अब्दुल लतीफ खान(एनईआर) गुरुवार को अंतू से प्रतापगढ़ के बीच ट्रैक दोहरीकरण का विधिवत निरीक्षण करने आ रहे हैं। वे करीब नौ घंटे ट्रॉली निरीक्षण करने के बाद ट्रेन से ट्रैक का ट्रायल करेंगे। संरक्षा के लिहाज से ट्रैक फिट मिला तो नई रेलवे लाइन पर ट्रेनों का संचालन शुक्रवार को पूरी तरह से बहाल हो जायेगा।

बता दें कि अंतू रेलवे स्टेशन से प्रतापगढ़ के बीच ट्रैक दोहरीकरण का कार्य बुधवार को पूरा हो गया। इसको पूरा करने में पूरे दस दिन लग गए। इस दौरान ट्रेनों का संचालन ठप रहा। गुरूवार को बिछाई गई।

नई रेलवे लाइन का निरीक्षण सीआरएस द्वारा किया जाना हैं। इसकी शुरूआत वे सुबह साढे आठ बजे अंतू से ट्राली से करेंगे। नौ बजे से ग्यारह के बीच में अंतू और जगेसरगंज ब्लाक सेक्शन। ग्यारह से साढ़े ग्यारह जगेसरगंज बिल्डिंग , डेढ़ बजे जगेसरगंज से चिलबिला सेक्शन का निरीक्षण करेंगे। डेढ़ से सवा दो बजे लंच होगा। तीन बजे चिलबिला स्टेशन उसके बाद तीन से शाम पांच बजे के बीच प्रतापगढ़ सेक्शन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद सवा पांच बजे प्रतापगढ़ से अंतू और छह बजे अंतू से प्रतापगढ़ नई लाइन का ट्रायल ट्रेन से होगा। चीफ पीडब्लूआई अजय आनंद के अनुसार ट्रैक से संबंधित तैयारी पूरी हो गई है। सीआरएस का इंतजार है। इस दौरान सीआरएस के आने से पहले अफसरों ने ट्रैक का ट्राली से निरीक्षण किया। बताया जाता हैं कि डीएनटू के साथ एडीईएन भी थे। उन्होंने ट्रैक के किनारे लंबी घासों को कटवाने को कहा।

## किराने की दुकान पर बेची जा रही बीयर की बोतलें

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग की उदासीनता तथा नफा नाजायज कमाने के चक्कर में पट्टी थाने के आसपास कई किराना स्टोर पर अब बीयर की बोतले धड़ल्ले से बिक रही है। गामीणों का आरोप है कि पट्टी थाना के नजदीक कई ऐसी दुकानें हैं जो किराना स्टोर के नाम से बोर्ड लगाया गया है जहां पर किराने के सामान तो मिलता ही है लेकिन मांग करने पर बीयर की बोतल अभी उपलब्ध हो जाती हैं। कई महीनों से यह गतिविधि पट्टी थाने की पुलिस के नाक के नीचे चल रहा है लेकिन पुलिस रवैया उदासीन है तो आबकारी विभाग भी चुप्पी साध कर बैठ गया है। संजय यादव, रामचंद्र, हरकेश सहित कई लोगों का आरोप है कि बीयर की बोतल किराने की दुकान पर मिलती है जो निर्धारित मूल्य से अधिक बेची जा रही है।

# गैस सिलेण्डर के दामों में भारी बढ़ोत्तरी पूंजीपतियों को तोहफाः प्रमोद तिवारी

### जीडीपी को लेकर केंद्र व यूपी सरकार पर बोला हमला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर गैस सिलेण्डर के दामों मे बढोत्तरी को लेकर लगातार देश के आम मध्यम वर्ग के लोगों पर मंहगाई का कडवा जख्म जारी रखने पर तीखा तंज कसा है। वहीं उन्होनें चालू वित्तीय वर्ष के तीसरी तिमाही में जीडीपी के 4.4 पर आ पहुंचने पर भी हमला बोला है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी छुटटा मवेशियों को लेकर भी यूपी सरकार की फसल नुकसान पर घेराबंदी की है।

सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार के द्वारा होली



प्रेसवार्ता करते सांसद प्रमोद तिवारी

के ठीक पहले रसोई गैस की कीमत मे पचास रुपए प्रति सिलेण्डर की बढोत्तरी करके गरीब आदमी के चूल्हे की आंच ठण्डी कर दी गयी है। उन्होनें केन्द्र को आडे हाथ लेते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेण्डर की कीमत मे पचास रुपए प्रति सिलेण्डर की बढोत्तरी हुई है। वहीं कार्मशियल गैस सिलेण्डर की कीमत मे भी हाल ही मे तीन सौ पचास रुपए प्रति सिलेण्डर की बढोत्तरी जनता के रहन सहन पर परोक्ष रूप से सीधा असर डालेगा। बुधवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कैम्प कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि यह सच्चाई सबको मालूम है कि पेट्रोलियम व्यापार पर मोदी सरकार के सबसे नजदीकी पूंजीपति मित्र और देश के सबसे बडे व्यापारी अडानी और अंबानी का कब्जा है। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी ने नगर के घुइसरनाथ मार्ग से लगे छोटी नहर पर स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सौगात सौंपते हुए हेल्थ केयर का भी समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संयोजन डा. सीपी वर्मा ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, डा. हिमांशु पटेल, डा. फारूकी, अशोक सिंह, बेलाल रहमानी, शकील अहमद, सर्वजीत गुप्ता, प्रभात ओझा, शैलेन्द्र सरोज, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, उधम सिंह आदि रहे।

# मीरा भवन प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को दी गई जानकारी

### दस्तक अभियान में नगर पालिका की टीम पहुंची स्कूल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशन पर अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में मीरा भवन स्थित प्राथमिक विद्यालय में दस्तक अभियान के बारे में स्कूल के बच्चो को जानकारी दी गयी। नगर पालिका के सफाई एवम खाद्य निरीक्षक द्वारा बच्चो को साफ सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी बताई गई। साथ ही सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन में और गीला कूड़ा हरे डस्टबिन के



प्राथमिक विद्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद नगर पालिका के अधिकारी

बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह ने बच्चो को कूड़ा कूड़ेदान में डाले और कूड़ा किसी भी स्थित में बाहर न फेके, सभी बच्चे खुद की साफ सफाई तो करे ही साथ दूसरे लोगो में भी सफाई के लिए जागरूक करें। स्वच्छ भारत मिशन के डी सी आशीष मिश्रा ने प्लास्टिक न उपयोग करने की जानकारी दी साथ ही प्लास्टिक की जगह कपड़े के बैग के इस्तेमाल की जानकारी भी दी। नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक लालबहादुर द्वारा बच्चो की काउंसलिंग भी की गई जिसमें सभी बच्चो ने अपने अपने विचार रखे। 60 बच्चो में कुछ बच्चो ने पुलिस में जाने का अपना सपना बताया और कुछ ने डॉक्टर तो कुछ ने वकील तो कुछ ने पायलट बनने के बारे में बताया। इस बैठक में प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर वीरेंद्र कुमार शर्मा, शिक्षामित्र मनोरमा मिश्रा और नगर पालिका के राजेंद्र प्रसाद यादव, सफाई नायक विमलेश आदि मौजूद रहे।

## कल आएंगे बनवारी लाल कंछल

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के रा./प्रां. अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल 3 मार्च को दोपहर साढे. बारह बजे प्रतापगढ़ आएंगे। वे व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के बड़े भाई स्वर्गीय केदारनाथ गुप्ता के निधन पर उनके शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त करेंगे। यह जानकारी जिला महामंत्री संजय सोनी ने व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों को दी।

# दरवाजे के बाहर खड़ी दो ऑटो ई रिक्शा चोरी, मचा हड़कम्प

### थोड़ी दूर पर लावारिश खड़ी मिली दोनो ऑटो रिक्शा की बैटरी गायब

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अब चोरो ने ऑटो ई रिक्शा को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया तभी तो नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परियावां के पंचायत भवन के सामने अपना टेंट हाउस पर ई-रिक्शा लोडर परियावां निवासी अली हसन पुत्र जुम्मन रोज की तरह खड़ा करके अपने घर चला गया मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने उसका ई रिक्शा गायब कर दिया।

बुधवार की सुबह अली हसन को ऑटो रिक्शा की चोरी हो जाने की जानकारी मिली तो हक्का बक्का रह गया जिसकी खोजबीन करने लगा तो घटना स्थल से तीन चार किलो मीटर की दूरी पर परसई गांव के समीप ई-रिक्शा लावारिश खड़ा मिला जिसकी बैटरी अज्ञात चोर खोल ले गए। इसी तरह थाना क्षेत्र के नवाबगंज निवासी ओमप्रकाश उर्फ पप्पू पुत्र भोला का ई रिक्शा भी चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया जिसका रिक्शा आलापुर के समीप भैरव बाबा मंदिर के पास लावारिश खड़ा मिला जिसकी बैटरी अज्ञात चोर खोल ले गए एक ही रात दोनों चोरी हुए ऑटो रिक्शा मिल गए लेकिन ऑटो रिक्शा के कीमती बैटरी गायब मिले अज्ञात चोरों द्वारा क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# शुरू हुआ मतदाता सूची पुनरीक्षण का अभियान, वकीलों में चुनाव की बढ़ी सरगर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ।** लालगंज तहसील एवं दीवानी के अधिवक्ताओ के संगठन के आम चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढने लगी है। चुनाव समिति जहां बुधवार से चुनाव कार्यक्रमों को लेकर मंथन मे जुट गयी दिखी वहीं अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर किस्मत आजमाने वाले वकीलो को साथियों के चेंबर मे समर्थन का माहौल भी तैयार करने मे अभी से ही पसीना बहाते देखा जा रहा है।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर बुधवार से तहसील एवं दीवानी परिसर मे संभावित प्रत्याशियों के द्वारा साथियों से गुणा भाग के मंथन की सरगर्मी देखी गयी। वही चुनाव समिति के पदाधिकारी बैठक के जरिए पुरानी मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर माथापच्ची मे देखे गये। चुनाव समिति के पदाधिकारियो का कहना है कि इस बार मतदाता सूची मे परिसर मे नियमित वकालत करने वाले ही सदस्यता की अहर्ता रख सकेगे। वही चुनाव समिति सदस्यता अभियान के बीच मतदाता सूची का बार कौंसिल से सत्यापन कराए जाने की भी रणनीतिक चर्चा मे मशगूल देखी गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह व संचालन प्रेस प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर राव वीरेन्द्र सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, केबी सिंह, राजेन्द्र मिश्र, टीपी यादव, रामलगन यादव, वीरेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, बेनीलाल शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि रहे।

# त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में तय हुई गाइडलाइन

### एसडीएम व सीओ ने दी प्रबन्धों की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** होली एवं शबेरात को लेकर बुधवार को कोतवाली परिसर मे शांति समिति की बैठक हुई। बैठक मे अफसरो ने प्रबुद्ध नागरिकों तथा धर्मगुरूओं के साथ दोनों त्यौहारो को परस्पर भाई चारे के रूप मे शांति एवं सौहार्द के साथ मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया।

बैठक मे तय हुआ कि होलिका दहन के जिन स्थानो पर बिजली के तार लटके हों अथवा खम्भे जर्जर हों उन्हें विद्युत विभाग दुरूस्त कराए। वहीं आबकारी विभाग की ओर से आगामी पन्द्रह मार्च तक अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाए जाने मे जन सहयोग की अपेक्षा की गयी है। अग्निशमन दल की ओर से भी त्यौहारों को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि दोनों त्यौहारों के मद्देनजर कोतवाली मे अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ बीट आरक्षी भी एलर्ट नजर आयेगे। स्वास्थ विभाग की ओर से एहतियातन ट्रामा सेंटर मे आपात सेवा दुरूस्त रखने का भरोसा दिलाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम उदयभान सिंह ने कहा कि त्यौहारो पर जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वाले कडी कार्रवाई की जद मे लाए जायेगें। पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने भी शांति व्यवस्था के कडाई से अनुपालन कराए जाने की बात कही। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने त्यौहार को लेकर सूचनाएं तहसील कंट्रोल रूम मे दिये जाने की लोगों से अपील की। आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम के अभियान मे गोपनीय सूचनाओं के जरिए सहयोग मांगा। एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने भी विकास विभाग की ओर से प्रबन्धों की जानकारियां दी। बैठक मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, राममोहन सिंह, बेलाल रहमानी, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, ने भी प्रशासन को व्यवस्था सम्बन्धी सुझाव सौपे। इस मौके पर अग्निशमन निरीक्षक सुरेंद्र मिश्र, डा. रामराज, अनिल कुमार प्रजापति, रोहित सरोज, संतोष पाण्डेय, गौरव केसरवानी, राजू सिंह, प्रमोद सिंह, मो. मुकीम, संतोष सिंह, संजीव तिवारी, सिंटू मिश्र, अनिल पाण्डेय, रावेन्द्र मिश्र, संजय सिंह आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### कौशाम्बी महोत्सव-2023 के लिए आमजन अपनी स्व-रचित थीम 15 मार्च तक करें प्रेषित

**कौशाम्बी।** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी कौशाम्बी महोत्सव समिति द्वारा दिनॉक 07, 08 व 09 अप्रैल 2023 तक कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन किया जायेंगा। समिति द्वारा कौशाम्बी महोत्सव की थीम रखने तथा थीम का प्रस्ताव जनपदवासियों से प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया है कौशाम्बी महोत्सव समिति द्वारा जनपदवासियों/आम जन-मानस से स्व-रचित थीम दिनांक 15 मार्च 2023 तक आमंत्रित की गई है, निर्धारित तिथि तक प्राप्त होने वाली सभी थीम को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा एवं समिति द्वारा चयनित थीम के आधार पर महोत्सव की आन्तरिक साज-सज्जा एवं प्रचार-प्रसार सामग्री आदि तैयार की जायेंगी। कौशाम्बी महोत्सव समिति ने सभी से अनुरोध किया है कि जनपद कौशाम्बी की गौरवशाली, धार्मिक एवं वैभवशाली इतिहास व संस्कृति को दृष्टिगत रखते हुए आगामी कौशाम्बी महोत्सव के लिए अपनी स्व-रचित सारगर्भित थीम-अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर सहित आगामी 15 मार्च 2023 की सायं 05 बजे तक पता-कार्यालय, जिला सूचना अधिकारी, कलेक्ट्रेट-मंझनपुर पर प्रेषित कर सकतें है। इसके साथ ही मोबाइल नम्बर- 9453005381 पर एसएमएस व ईमेल में प्रेषित कर सकते हैं। कौशाम्बी महोत्सव समिति द्वारा चयनित थीम के रचयिता को उचित पुरस्कार दिया जायेंगा।

# जाम के झाम से जूझ रहा मूरतगंज कस्बा

## पुलिसिया वसूली के चलते सड़क पर खड़ी करके सवारी भरते हैं विक्रम चालक

अखंड भारत संदेश




**हर्रायपुर कौशांबी।** सांदीपन घर थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बा बाजार बीते कई वर्षों से जाम के झाम से जूझ रहा है दिन में कई बार कई घंटे कस्बे में भीषण जाम लग जाता है जिससे आम जनमानस को यातायात के दौरान दिक्कतों से जूझना पड़ता है कस्बे में लगने वाले जाम के चलते स्थानीय व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित होता है कस्बे में लगने वाले जाम को हटाने के लिए पूर्व में विक्रम चालकों के लिए भरवारी रोड में तिराहे के पास वाहन स्टैंड बनाया गया था उन्हें निर्देशित किया गया था कि वह सड़क पर खड़े करके सवारी ना भरे सड़क पर वाहन खड़े करके सवारी भरने वाले विक्रम चालकों पर कार्यवाही करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिया था लेकिन एसपी का निर्देश चौकी इंचार्ज पर लागू नहीं होता है पूरे दिन सड़क पर विक्रम चालक सवारी भरते हैं मूरतगंज तिराहा पल्हाना घाट काशिय मोड़ आदि स्थानों पर सड़क पर चालक विक्रम खड़ी करके सवारी भरते हैं यदि किसी ने विरोध किया तो यह दबंग चालक मारपीट पर आमादा हो जाते हैं बताया जाता है कि चौकी और यातायात पुलिस तक पैसा पहुंचाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा विक्रम चालकों से वसूली की जाती है जिससे पुलिस चालकों पर कार्रवाई करती नहीं दिख रही है सड़कों पर दर्जनों विक्रम खड़े रहने के चलते सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति बन जाती है कस्बे में लगने वाले जाम के चलते बाहर से आने वाले वाहन निकल नहीं पाते हैं जिससे जाम लाइलाज हो जाता है मूरतगंज कस्बे का जाम हटाने के लिए चौकी पुलिस यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवानों को ड्यूटी दी गई है लेकिन ड्यूटी पर चौकी पुलिस यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवान सड़क पर अवैध तरीके से खड़े विक्रम को सड़क से नहीं हटा पाते हैं जिससे जाम लाइलाज हो गया है सोमवार के दिन शाम को फिर घंटो जाम की स्थिति बनी रही मौके पर चौकी पुलिस यातायात पुलिस होम गार्ड के जवान जाम हटाने के लिए दिखाई नहीं पड़े हैं चौकी इंचार्ज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीएसी के जवान जाएं हटाएंगे आखिर कब तक विक्रम चालकों से वसूली की आड़ में जाम का यह झाम आम जनमानस को झेलना पड़ेगा कस्बे के लोगों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मूरतगंज बाजार में सड़कों पर खड़े होने वाले विक्रम को पूर्व में बनाया गया निर्धारित स्थान पर खड़े कराए जाने के लिए चौकी पुलिस को आदेश देने का अनुरोध किया है आम जनमानस ने कहा है कि मूरतगंज का जाम हटाया जाना आवश्यक है साथ ही साथ चौकी पुलिस यातायात पुलिस के कारनामों को लेकर उनकी गतिविधियों की जांच कराते हुए दंडित किया जाए जिससे सड़क पर वाहन खड़ा करने के मामले में विक्रम चालकों के हौसले टूट सके।

# संदिग्ध दशा में वृद्ध व्यक्ति की हुई मौत



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीतीं रात एक वृद्ध व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी हैं वृद्ध व्यक्ति की मौत के पीछे का क्या कारण है अभी तक स्पष्ट नही हो सका। लोगों की माने तो वृद्ध व्यक्ति बीती रात फांसी के फंदे से झूल गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई लेकिन यह बात किसी को हजम नही हो रही है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बरोलहा गांव के देशराज यादव उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र स्व झुरई की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची चरवा पुलिस नें लाश का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है उसके बाद चरवा पुलिस वृद्ध व्यक्ति की मौत के पीछे का क्या कारण है तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# सीओ का आदेश ना मानने वाले थानेदार का सात दिन में कर दिया तबादला

## सराय अकिल क्षेत्र की पीड़ित जनता को कैसे देंगे न्याय थानेदार की न्याय प्रणाली पर खड़े हो रहे हैं सवाल!

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के बिसौना गांव में रविवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान दोनों पक्ष के लोगों को गंभीर चोटें आई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिपरी पुलिस झगड़े को शांत कराकर एक पक्ष से तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। दूसरा पक्ष तहरीर लेकर गया तो पिपरी थानेदार ने उक्त लोगों को थाने में बैठाकर प्रताड़ना देना शुरू कर दिए। मारपीट के दौरान घायल युवक बसंत लाल उर्फ धमकू को भी पिपरी पुलिस रात भर थाने में बैठाए रखा जिसे इलाज की सख्त जरूरत थी। एक पक्षीय कार्यवाही को लेकर दूरसंचार के माध्यम से क्षेत्राधिकारी चायल से बात की गई तो क्षेत्राधिकारी चायल ने पिपरी थानेदार को द्विपक्षीय कार्यवाही करने के लिए आदेशित किए लेकिन पिपरी थानेदार ने क्षेत्राधिकारी चायल का आदेश मानने से साफ इनकार कर दिए फिर उसके पश्चात पिपरी थानेदार की शिकायत ट्विटर और सोशल मीडिया के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक की गई। उक्त प्रकरण में विनीत सिंह के रहते पीड़ित लोगों को न्याय मिलना असंभव था जिसके चलते उच्चाधिकारियों ने मामले को संज्ञान लेकर विनीत सिंह के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए सराय अकिल थाना के लिए तबादला कर दिए। विनीत सिंह भारतीय संविधान में दर्ज न्याय प्रणाली के तहत बिल्कुल ही कार्य नहीं करते। प्रयागराज जनपद के करैली थाना में तैनाती के दौरान पीड़ित लोग इनकी कार्य शैली से बिल्कुल नाखुश थे और इनकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे थे जिसके कारण पूर्व एडीजी प्रयागराज ने इनका ट्रांसफर कौशाम्बी जनपद में किए थे तब जाकर करैली थाना क्षेत्र की जनता ने राहत भरी सांस ली थी अब सराय अकिल क्षेत्र की पीड़ित जनता को यह कैसे न्याय देंगे यह इनके न्याय प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आगामी त्यौहार के दृष्टिगत की गई चेकिंग

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में आगामी त्यौहार होली व शब-ए-बरात के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पैदल गश्त किया गया संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करते हुये लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपन घाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बब्बू पुत्र स्व. हीरालाल निवासी चिटकहना मूरतगंज थाना संदीपन घाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# अपनों पर करम गैरों पर सितम की कार्य प्रणाली पर प्रतिसार निरीक्षक कर रहे कार्य

## विवादित दरोगा भवानी सिंह की मलाईदार जगहों पर लगा रहा ड्यूटी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस लाइंस में लगभग आधा दर्जन इंस्पेक्टर, दर्जनभर से ज्यादा सब इंस्पेक्टर सहित पुलिस लाइन में सैकड़ों सिपाही तैनात है। पुलिस लाइंस में तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों को समय-समय पर नई-नई जगहों पर ड्यूटी लगाई जाती है। लेकिन कौशांबी की पुलिस लाइंस में ऐसा कुछ देखने को नहीं मिल रहा है। प्रतिसार निरीक्षक कौशांबी द्वारा अपने मनचाहे दरोगा को मलाईदार जगहों तथा पुलिस कार्यालय सहित विभिन्न जगहों पर ड्यूटी लगाई जा रही है।भवानी सिंह को एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने पिछले महीने खराब कानून व्यवस्था को लेकर लाइन हाजिर कर दिया था।भवानी सिंह के उपर पूर्व एसपी अभिनंदन के समय में सिपाहियों से अवैध वसूली की बात सामने आई थी जिस पर एसपी राधेश्याम ने विवादित दरोगा भवानी सिंह को पीआरओ पद से हटाकर मीडिया सेल में स्थानांतरित कर दिया था।प्रतिसार निरीक्षक द्वारा सबइंस्पेक्टर भवानी सिंह को पुनः पीआरओ के पद पर स्थापित करना चाहते हैं। ताकि इनके गैरकानूनी कामों पर पर्दा पड़ा रहे। भवानी सिंह के कृत्यों की पूरे पुलिस महकमे में जोरदार चर्चा है। कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है। कि पुलिस लाइंस में तैनात सब इंस्पेक्टर भवानी सिंह को एसपी कार्यालय एवं आवास में ड्यूटी लगाई जा रही है।यदि एसपी ने प्रतिसार निरीक्षक और उपनिरीक्षक भवानी सिंह की जांच कराई तो इनके काले कारनामों कीपोल खुलना तय है।

### सिराथू में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौषल विकास मिषन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई, सिराथू के परिसर में 03 मार्च 2023 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के माध्यम से आईटीआई एवं नॉन आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेंगा । इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ प्रातः 10.30 बजे तक पहुॅचें।

**जुआ खेलते चार गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस द्वारा चार अभियुक्त तूफानी पुत्र स्व० सुबेदार विनोद कुमार पुत्र रामसुचित जुगरेश सिंह पुत्र चन्द्रपाल व वीरेन्द्र पासी पुत्र भीमसेन निवासीगण हरदुआ खास थाना चरवा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 760 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 140 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

# शराब के साथ आठ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 61 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रानी देवी पत्नी मुन्ना लाल पासी निवासी विहामिदपुर कमालपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सजनी देवी पत्नी स्व0 सम्भर निवासी वार्ड नं0 03 अजुहा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धर्मवीर सरोज पुत्र शिवप्रसाद सरोज निवासी अढौली थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त तिलकधारी निषाद पुत्र बद्रप्रसाद निवासी अजहिनी खालसा थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिगविजय सिंह पुत्र स्व नरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी काजू थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब व हनुमान पुत्र भेला निवासी जीत का पुरवा मजरा बेरौली थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब व बृजभान पुत्र रामकिशन निवासी काजू थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब व आकाश कुमार पुत्र लवकुश निवासी जीत का पुरवा मजरा बेरौली थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान कर दिया है।

# लकड़ी माफियाओं से नही बच रहा औषधि वाले हरे नीम के पेड़

## माफियाओं का शुरू हुआ नया फंडा चौकी सिंघिया के नाक के नीचे हरियाली हुई नस्ट चौकी पुलिस मस्त

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज क्षेत्र के अंतर्गत सिंघिया चौकी के पीछे दो गूलर के हरे पेड़ व चौकी क्षेत्र के बालकमऊ में कोटेदार के घर के सामने राजेश नाम के लकड़ी माफिया द्वारा नीम के हरे पेड़ो को काटा गया आखिर हरे नीम व गूलर के पेड़ को काटने की क्या मंशा हैं लकड़ी माफिया ने नया फंडा अपनाते हुए कहा कि वह तो मजदूरी में काट रहा है जिसका पेड़ है वो कटवा रहा है पेड़ के मालिक का पता नहीं हैं उसकी बात चौकी दरोगा और वन विभाग के रेंजर पटेल से बात हो चुकी है क्या नीम गूलर के पेडों को काटने की परमिशन लिया गया हैं। बिना परमिशन के पेड़ कैसे कट सकते हैं यदि पेड़ के मालिक ने मजदूरी पर लकड़ी कटवाया था तब लकड़ी माफिया द्वारा लकड़ी को पिकअप में लाद कर क्यों ले जाया गया,आप को बता दें कि राजेश व मामा लकड़ी माफिया सिंघिया चौकी क्षेत्र में गूलर के हरे पेडों को धरासाई करते हुए काट डाला गया फिर भी ना तो चौकी पुलिस को और ना ही वन के रेंजरों को दिखा क्योंकि इनके आंखों में रिस्वत की पट्टी लकड़ी माफियाओं द्वारा बांध दी जाती है। अब सवाल यह उठता है कि नीम,गूलर, आम, महुवा जैसे हरे पेड़ो को क्या वन के रेंजर और चौकी के दरोगा ने कटवाने का ठेका ले रखा है यदि इन लकड़ी माफियाओं पर जांच होती है लकड़ी माफियाओं का फसना तय है।



# चौकी इंचार्ज और हमराहियों की चहुओर प्रशंसा

**अझुवा कौशाम्बी।** मानवता भरी इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए चौकी इंचार्ज अझुवा अभिषेक गुप्ता ने हमराहियों के साथ महिला की अर्थी को कंधा देकर मोक्ष धाम पहुंचाया है। बीते कल मंगलवार को आदर्श नगर पंचायत अझुवा कांसीराम कालोनी के एक कमरे में एक महिला नीलम देवी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था जिसका चौकी इंचार्ज अभिषेक गुप्ता ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया किंतु परिजनों में मात्र उसकी बूढ़ी मां भुग्गी देवी और उसका 10 वर्षीय पुत्र ही था तमाम कारणों और किसी से मतलब न होने के कारण कालोनी और नाते रिश्तेदारों ने अर्थी को कंधा नही दिया ये देख सात्विक व्यक्ति के रूप में पहचान रखने वाले चौकी इंचार्ज अभिषेक गुप्ता और हमराहियों ने शव को कंधा देते हुए श्मशान मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार करवाने में अग्रणी भूमिका निभाई है जिसकी नगर क्षेत्र सहित चहुओर प्रशंसा हो रही है।

# 15 दिन पहले पीडब्ल्यूडी से बनी सड़क जगह जगह उखड़ी, आक्रोश

अखंड भारत संदेश





**अझुवा कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण व चौड़ीकरण का मानक देखना हो तो सिराथू तहसील क्षेत्र के पंच हजारी गांव आइए जहां पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदारों ने मानक विहीन सड़क निर्माण कर सरकार के खजाने को चपत लगाने की कोशिश की है वहीं क्षेत्र वासियों के अनुसार सरकार लाख जतन कर ले पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मोटा कमीशन लेने से बाज नही आएंगे,तभी तो जिले में बनने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कें महीना-15 दिनों में ध्वस्त हो जाती हैं जिन पर चलना मुहाल हो जाता है। इस कड़ी में सिराथू विधानसभा क्षेत्र के कड़ा ब्लाक अंतर्गत परास गांव सभा के मजरे मोगरी से कोरियों ग्राम ग्राम सभा के पंच हजारी मजरे तक बनी 1 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण में पीडब्ल्यूडी के जेई और संबंधित ठेकेदार ने ऐसा खेल किया कि 15 दिन के अंदर ही सड़क उखड़ने लगी जिसका ग्रामीणों ने फोटो ,वीडियो बनाकर योगी सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं बता दे यह सड़क पिछले 15 दिन पहले ही बनकर तैयार हुई है सड़क में रोलर नहीं चलाया गया, सही तरीके से कुटाई नहीं की गई, सड़क में तारकोल की मात्रा भी कम डाली गई ,गिट्टी भी सही मिक्स किए बिना ही डामर मिलाकर रोड में बिछा दी गई जिससे सड़क में डाली गई गिट्टी 15 दिन के अंदर ही उखड़ने लगी है लोक निर्माण विभाग की गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण का यह भी एक नमूना है जो सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का बखान कर रही है क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से संबंधित ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग के जेई के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### एडीजी जोन व एसपी ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना संदीपनघाट क्षेत्रांतर्गत पुलिस बल के साथ कस्बा मूरतगंज में आगामी त्यौहार होली व शब-ए-बरात के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पैदल गश्त किया गया संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग करते हुये लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र छेदन पासी निवासी भीखपुर मेड़वारा थाना पिपरी को अकबरपुर चौराहा से गिरफ्तार क१ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# आपात्र लोगों के नाम पर दिया जा रहा पीएम आवास योजना का लाभ, जिलाधिकारी से शिकायत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा गरीब लोगों के लिए पीएम आवास योजना की मुहीम चलाई गई है जिसके तहत कच्चे मकान व झोपड़ पट्टी में रहने वाले लोगों को पक्की छत नसीब हो सके लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ आपात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है जिससे पीएम और सीएम का सपना साकार होता नही दिख रहा है। विकास खण्ड सिराथू क्षेत्र के ग्राम पंचायत चक बस्तियारा परसीपुर में जिम्मेदारों के द्वारा पीएम आवास योजना में बड़ी धांधली कर आपात्र लोगों तक पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम प्रधान व पंचायत मित्र द्वारा ग्राम सभा बख्तियारा में अर्चना द्विवेदी पत्नी देवेन्द्र कुमार तथा उर्मिला पत्नी रामबाबू जो वर्तमान समय में एक ही घर के सदस्य हैं तथा उनका मकान भी पूरी तरह से पक्का बना हुआ है और इनके पास 7 - 8 बीघा खेती भी है और यह पूरी तरह से संपन्न हैं इसके बावजूद इन्हे आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा पैसा लेकर आपात्रो के नाम पर आवास मुहैया कराए जाने का भी आरोप लगाया है, जबकि ग्राम पंचायत में धर्मेन्द्र पुत्र कामता प्रसाद तथा पिन्टू पुत्र सोहनलाल, रामचन्द्र पुत्र सोहनलाल आदि लोग पात्र हैं फिर भी उन्हें जिम्मेदारों ने आजतक आवास योजना का लाभ नहीं दिया और आज भी झोपड़पट्टी में रहने को मजबूर हैं। उक्त पात्र लोगों को ग्राम प्रधान द्वारा आज तक आवास मुहैया नही कराया गया लेकिन आपात्र लोगों को अवश्य दे रहे हैं क्योंकि उनसे कमीशन मिलता है। लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जारी आवास पात्रता की सूची में नरेन्द्र कुमार पुत्र आनन्द कुमार, मैकूलाल, रामगुलाम, राममिलन पुत्र कृष्णपाल पूर्णतः आपात्र की श्रेणी में आते हैं इनका मकान पूर्णरूप से पक्का बना हुआ है फिर भी उक्त लोगों का नाम आवास पात्रता की श्रेणी में दर्ज है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर आपात्र लोगों का नाम हटाकर पात्र लोगों के नाम पर आवास मुहैया कराए जाने को कहा।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 06 माह कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के साथ छेड़खानी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पॉक्सो एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसके अभियुक्त कल्लन पुत्र लल्लू निषाद निवासी उजेहिनी खालसा थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 06 माह कठोर कारावास से दण्डित किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना सराय अकिल एक थाना कोखराज से एक थाना कड़ाधाम से एक कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## संपादकीय

## राष्ट्रीय एकता देश के गौरव की सूत्रधार

भारतवर्ष स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव भारत की एकता अखंडता को मजबूत किया है। हमें इसकी ऊर्जा, शक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बलवती बनाए रखकर इसके जज्बे को अनंत काल तक अक्षुण रखना होगा। राष्ट्रीय एकता अथवा राष्ट्रीयता किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की संश्लिष्ट आत्मा होती है। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने बहुत ही महत्वपूर्ण शब्द राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में कहे थे कि हम जब-जब असंगठित हुए हैं, हमें आर्थिक व राजनीतिक रूप से की कीमत चुकानी पड़ी है, हमारे विचारों में जब जब संकीर्णता आई आपस में झगड़े हुए हमने जब भी नए विचारों से अपना मुख मोड़ा, हमें सदैव हानि ही हुई, हम विदेशी शासन के अधीन हो गए ' यह एक विराट सत्य है कि राष्ट्रीय एकता सशक्त और समुद्र समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला होती है और राष्ट्रीय एकता छिन्न-भिन्न होने से किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता स्वतंत्र नहीं रह पाती' राष्ट्र के विभिन्न घटकों में वैचारिक और आस्था का समानता होने के बावजूद राष्ट्र में एकता प्रेम तथा भाईचारे का कायम रहना अत्यंत समीचीन है' आज जब भारत देश आक्रांता चीन पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से अपने हाथ दो,चार कर रहा है, देश के अंदर किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी आंदोलन, और जगह-जगह वैचारिक मतभेद देश के विकास एवं शांति के लिए लिए एक बड़ा व्यवधान बने थे, ऐसे में देशवासियों को एकजुट होकर देश की मुख्यधारा का शांति और अमन के लिए साथ देना चाहिए। भारत में कई धर्मों जातियों के लोग रहते हैं, जिनके रहन-सहन एवं आस्था में अंतर तो है ही, साथ ही उनकी भाषाएं भी अलग-अलग हैं। अलग अलग होने के बावजूद पूरे भारतवर्ष के लोग भारतीयता की जिस भावना से ओतप्रोत होकर एक साथ रहते हैं ऐसी एकता को विश्व भर में सर्वोत्तम राष्ट्रीय एकता का उदाहरण कहा जा सकता है। हमारी राष्ट्रीय एकता के फल स्वरुप ही जब भी हमारी एकता को खंडित करने का प्रयास किया गया, भारत का एक-एक नागरिक सजग और सचेत होकर एशिया सामाजिक शक्तियों के विरुद्ध सदैव खड़ा दिखाई दिया है। गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर कहते हैं कि भारत की एकता तथा चेतना समय की कसौटी पर सही सिद्ध हुई है। आज देश की राष्ट्रीय एकता को सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद से है। आतंकवाद में सिर्फ हमारे देश की बल्कि पूरे विश्व की शांति को बड़ा खतरा है। विगत दशकों में आतंकवादी कभी मुंबई, कभी दिल्ली, कभी जम्मू कश्मीर को अपना निशाना बनाकर अशांति फैलाने का प्रयास करते हैं और देश के कई राज्यों में अपार आर्थिक तथा जनहानि पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त देश में अलगाववादी तत्वों ने भी देश की एकता को बहुत नुकसान पहुंचाया है, राष्ट्रीय एकता में बाधक अनेक शक्तियों में अल गाव की राजनीति भी एक है, जहां के राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीज बोते हैं कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों के देश की मुख्यधारा से अलग करते हैं तो कभी विशेष जाति प्रांतीय भाषा के हिमायती बन कर देश की राष्ट्रीय एकता को खंडित करने की कोशिश करते हैं।

## तितली है खामोश पुरातन और आधुनिक समन्वय का सार्थक दोहा संकलन

**ललित गर्ग**

**सत्यवान** सौरभ हरियाणा के जुझारू एवं जीवटवाले लेखक और कवि हैं। खुशी की बात है कि उनका रचनाकार जिंदगी के बढ़ते दबावों को महसूस करता हुआ, उनसे लड़ने की ताब रखता है, उनसे संघर्ष करता है। हाल ही में उनका तितली है खामोश दोहा संकलन प्रकाशित हुआ है। 725 दोहों का यह संकलन अनूठा है और ये दोहें समय की शिला पर अपने निशान छोड़ते चलते हैं। इतना ही नहीं वे इस कठिन समय से मुठभेड़ भी करते हैं। यही मुठभेड़ उनके दोहों की ताकत है और मौलिकता है जो जनभावनाओं का जीवंत चित्रण है। किसी ने कहा है कि जिस समाज, देश में जितनी अव्यवस्था, गिरावट, संघर्ष एवं नैतिक/चारित्रिक मूल्यों का हनन होगा उस समाज में साहित्य उतना ही बेहतर लिखा जाएगा। साहित्य साधना और रचनाधर्मिता कठिन तपस्या होती है और जो इसके साधक होते हैं, वे ही साहित्य को गहनता प्रदत्त करते हैं। साहित्य साधक सौरभ का प्रस्तुत दोहा संकलन तितली है खामोश न केवल व्यक्ति, परिवार बल्कि समाज, राष्ट्र और विश्व के संदर्भ में कवि की प्रौढ़ सोच की सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। संकलन के दोहे कुछ ऐसे हैं कि मन की आंखों के सामने एक चित्र-सा खींच जाता है। चीजों को बयां करने का उनका एक खास अंदाज है। फिर चाहे वह कुदरती नजारे हों या प्रेम, विश्वास, आस्था, आशा को अभिव्यक्ति देते दोहें। यह उनका नवीनतम संकलन है। सत्यवान सौरभ के दोहों में न सिर्फ उनकी, बल्कि हमारी दुनिया भी रची-बसी नजर आती है। जिन्हें पढ़कर सत्यवान सौरभ के मूड और मिजाज का बखूबी अंदाज लगाया जा सकता है। दोहों के विचार, भाव, बिम्ब, रूपक एक नया आलोक बिखेरते हैं, जो पाठकों के पथ को भी आलोकित करता है। हरियाणा में वेटनरी इंस्पेक्टर पद पर रहते हुए भी सत्यवान सौरभ लेखन के लिए समय निकाल लेते हैं, यह उनकी विशेषता है। उनके दोहों में सरलता, सहजता एवं अर्थ की गहराई हमें सहज ही आकर्षित करती है। वे भावों को इस सहजता से अभिव्यक्त करने में समर्थ है कि ऐसा लगता है कि वे सिर्फ सौरभ जी के भाव नहीं बल्कि हर पाठक के मन की छिपी भावनाएं हैं, संवेदनाएं हैं। उनकी पैनी कलम से कोई भाव अछूता नहीं रहा। परिस्थितियों को देखने की उनकी अपनी विशिष्ट दृष्टि है। उनके दोहें सीधे हृदय से निकलते जान पड़ते हैं। हिन्दी साहित्य में दोहों का विशिष्ट स्थान है। दोहा अर्द्धसम मात्रिक छंद है। यह दो पंक्ति का होता है इसमें चार चरण माने जाते हैं। विशेषतः दोहे आध्यात्मिक और उपदेशात्मक रंग में रंगे होकर इसके पहले और तीसरे (विषम) चरणों में 13-13 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे (सम) चरणों में 11-11 मात्राएँ होती हैं। अंत में गुरु और लघु वर्ण होते हैं। तुक प्रायः दूसरे और चौथे चरण में ही होता है।

# नेतृत्व के मुद्दे पर असमंजस में फंसी भाजपा

**रमेश सर्राफ**

**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है। मगर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के मुद्दे को लेकर लगातार असमंजस में फंसी नजर आ रही है। राजस्थान के आम मतदाताओ को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। इसी दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजस्थान भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना कर प्रदेश की सक्रिय राजनीति से दूर भेज दिया गया है। राजस्थान में अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान ही विपक्ष के नेता को हटाकर भाजपा आलाकमान ने बता दिया है कि पार्टी राजस्थान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा को नए सिरे से पुनर्गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के चलते कटारिया को राज्यपाल बनाकर असम भेजा गया है। कटारिया के राज्यपाल बनने से खाली हुए नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी अभी तक किसी का मनोनयन नहीं हुआ है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष बनने की रेस में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कालीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी, जोगेश्वर गर्ग, अनिता भदेल सहित कई वरिष्ठ विधायक शामिल है। मगर अंतिम फैसला भाजपा आलाकमान को ही करना है। आलाकमान जिसका नाम तय करेगा वही नेता प्रतिपक्ष बनेगा। हालांकि नेता प्रतिपक्ष के पद पर भाजपा आलाकमान की पसंद के विधायक का ही चयन किया जाएगा। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि अभी भाजपा आलाकमान जिसे नेता प्रतिपक्ष बनाएगा। वही अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व संगठन महासचिव बीएल संतोष अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान लगातार कह चुके हैं कि पार्टी राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के सभी नेता सामूहिक रूप से एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनायेंगे। चुनाव के बाद विधायकों द्वारा नए नेता का फैसला किया जाएगा। भाजपा आलाकमान की यही बात वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को खटक रही है। उनको



लगता है कि जिस तरह से एन चुनाव के पहले गुलाबचंद कटारिया को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया। उसी तरह से उनको भी पार्टी में पावर लेस किया जा सकता है। इसी चिंता को लेकर वसुंधरा राजे समर्थक खेमा बार-बार उनको नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है। हालांकि भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की मनसा से पूरी तरह वाफिक है। इसीलिए किसी एक नेता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने से कतरा रही है। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी गुजरात की तर्ज पर बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा चल रही है। इससे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय बहुत से वरिष्ठ नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। अपनी राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए आलाकमान के राडार पर आए हुए कई भाजपा नेताओं ने तो अंदर खाने दूसरे दलों से भी टिकट लेकर चुनाव लड़ने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक तो खुलकर कह रहे हैं कि हम दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं का पार्टी में स्वागत करेंगे। कुछ दिनों पहले ही डूंगरपुर से भाजपा के विधायक रहे देवेंद्र कटारा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि भाजपा ने 2018 के चुनाव में खराब परफॉर्मेंस के चलते देवेंद्र कटारा का टिकट काट दिया था। तब कटारा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर मात्र 8633 वोट ही प्राप्त किए थे। ऐसे में उनका विशेष जनाधार नहीं बचा है। लेकिन आम आदमी पार्टी तो ऐसे ही नेताओं से अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है।

> मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है

राजस्थान भाजपा में इस समय कई गुट बने हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठभूमि के नेता हैं और प्रारंभ से ही भाजपा से जुड़े हुए हैं। संभ्रांत छवि के कारण उनकी प्रदेश में शालीन छवि मानी जाती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष होने के चलते पूरा संगठन ही उनका है। मगर प्रदेश की राजनीति में इस वक्त उनका गुट बहुत मजबूत माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले विधानसभा चुनाव में हारने के बाद लगातार पार्टी में हाशिए पर चली गई है। वसुंधरा राजे फिर से मुख्यधारा में आकर पार्टी की कमान संभालने का प्रयास कर रही है। मगर आलाकमान उन्हें तवज्जो देने के मूड में नहीं लग रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उन्हें वसुंधरा राजे के विकल्प के तौर पर भी प्रस्तुत किया जा रहा है। मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें। गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं। मैंने कहा भगवान सिंह जी इसे समझाओ कि पैसा वापस लौटाए। विदेशों के अंदर पता नहीं कितना पैसा लगा रखा है? इथियोपिया, ऑस्ट्रेलिया और भी पता नहीं कितने देशों में गजेंद्र सिंह का पैसा लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री को यह बात क्लियर करनी चाहिए। क्यों नहीं वह ईडी को जांच दिलवा रहे। गहलोत ने कहा कि सीबीआई तो गजेंद्र सिंह और इन लोगों की जेब में है। संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी के घोटाले में गहलोत ने गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा- आप खुद केंद्रीय मंत्री हैं। यदि आप बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा वापस दिलवाने के लिए आगे क्यों नहीं आते? अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 4 महीनों पहले आबू रोड के मानपुर धाम का दौरा किया था। उसके बाद बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा के मालासेरी धाम का दौरा किया। फिर दोसा में एक्सप्रेस हाईवे का उद्घाटन करने आए। यह सभी क्षेत्र आदिवासी, गुर्जर, मीणा बहुलता वाले क्षेत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां कमजोर रही थी। उसी की भरपाई करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं दौरे कर रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री द्वारा इन धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कोई घोषणा नहीं किए जाने से लोगों में निराशा है।

फिलहाल तो प्रदेश में भाजपा के नेता अपना वर्चस्व जमाने के चक्कर में एक दूसरे को छोटा दिखा रहे हैं। ऐन चुनाव के वक्त इस तरह की हरकतों से भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मगर इन सब से अनजान भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। जो किसी कैडर बेस पार्टी के लिये अच्छी बात नही मानी जा सकती है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# धर्मांतरण पर अंकुश के लिए संघ की सोशल इंजीनियरिंग

**प्रमोद भार्गव**

**मध्यप्रदेश** और छत्तीसगढ़ के बड़े आदिवासी अंचलों में इन दिनों एक नारा बहुत जोर से गूंज रहा है, जो भोलेनाथ का नहीं, वो मेरी जात का नहीं। यह वातावरण अचानक नहीं बना है। इसे जमीन पर उतारने और जनजाति समुदाय की जुबान तक लाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दो दशक से सोशल इंजीनियरिंग अर्थात सामाजिक अभियांत्रिकी की पृष्ठभूमि रचने में लगा था, जिसका असर अब स्पष्ट दिखाई देने लगा है। दस फरवरी 2023 को इस समूह की गर्जना भोपाल में सुनाई दी थी। छह महीने पहले से इसकी तैयारी मालवा के धार, झबुआ, रतलाम और बड़वानी जिलों में चल रही थी। इस गर्जना का लक्ष्य डी-लिस्टिंग यानी धर्मांतरित आदिवासी- वनवासी समुदायों के लोगों को सरकारी नौकरी में आरक्षण और छात्रवृत्ति की सुविधा से बाहर करना है। अगली महापंचायत दिल्ली में होगी। ताकि 1970 से संसद में लांबित डी-लिस्टिंग के बिल को पारित कराया जा सके। चूंकि इस अभियान की पृष्ठभूमि में संघ और भाजपा हैं, इसलिए भविष्य में विधेयक पारित हो जाने की उम्मीद बढ़ गई है। यह विधेयक भाजपा के लिए 2023 में राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव में जीत के लिए रामबाण साबित हो सकता है। जिस सोशल इंजीनियरिंग की शुरूआत कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी के गठन और कांग्रेस से सत्ता हस्तांतरण के लिए की थी। उसी का परिणाम रहा कि मायावती को उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला था। शायद इसी इसी अभियान से प्रेरणा लेकर संघ ने आदिवासियों के बीच डी-लिस्टंग की चिंगारी को हवा दी। गौरतलब है कि पूरे देश में करीब 12 करोड़ वनवासी समुदाय के लोग हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में इनकी जनसंख्या सबसे अधिक 1.53 करोड़ है। इनमें 39 प्रतिशत वे भील हैं, जो प्रदेश के मालवा अंचल में रहते हैं। भीलों को जनजातियों में सबसे भोली प्रजाति माना जाता है। नतीजतन इनका ही सबसे ज्यादा धर्मांतरण हुआ। संघ के जमीनी कार्यकताओं ने इस स्थिति की वास्तविक जानकारी ली और 2007 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सबसे पहले जनजाति सुरक्षा मंच का गठन किया। अब यह 14 राज्यों में फैल गया है। मध्य भारत प्रांत के मंच प्रमुख कैलाश निमामा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को इस मुद्दे पर एकजुट करने में लगे हैं। उनका दावा है कि केवल पांच प्रतिशत धर्मांतरित मूल जनजातियों के लोग 70 प्रतिशत इस समुदाय के लिए आरक्षित नौकरियों और छात्रवृत्तियों को हथिया लेते हैं। इसका नतीजा है कि 95 प्रतिशत आदिवासियों को लाभ का महज 30 प्रतिशत हिस्सा ही मिल पाता है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक देश के 288 जिलों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम धर्मांतरित आदिवासियों को जाति से बाहर करने के ज्ञापन दिए जा चुके हैं। 244 सांसदों को समर्थन जुटा लिया गया है। साफ है, दिल्ली में महारैली के बाद धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति से बाहर करने का विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। हालांकि इस मांग की दिशा में पहल करते हुए केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन कर चुका है। दो वर्ष में यह आयोग अध्ययन करेगा कि ऐतिहासिक रूप से सामाजिक असमानता और भेदभाव झेलते चले आ रहे आदिवासी यदि संविधान के अनुच्छेद 341 में उल्लेखित धर्मों हिंदू, सिख और बौद्ध के अलावा किसी अन्य धर्म ईसाई या इस्लाम में मतांतरित हो गए हैं तो क्या उन्हें अपना मूल धर्म बदलने के बाद भी अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाकर सरकारी नौकरियों, पदोन्नतियों और शिक्षा में दिए जाने वाले आरक्षण संबंधी लाभ मिलने की पात्रता दी जा सकती है ? एक साल पहले लोकसभा में भाजपा के दो सदस्यों ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए मांग की थी कि दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। झारखंड से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मध्यप्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है। दरअसल संविधान के अनुच्छेद 342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद.341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341-1 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342-2 के अंतर्गत संविधान निमार्ताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। इसके बाद 1967 में बिहार के जनजातीय नेता कार्तिक उरांव ने डी-लिस्टिंग के लिए 235 सांसदों का समर्थन जुटाया और 1970 में निजी विधेयक लेकर आए। लेकिन यह विधेयक पारित नहीं हो पाया और आज तक लांबित चला आ रहा है। गोया, अनुच्छेद 342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा।

राज्यसभा में भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव द्वारा पुछे गए एक सवाल के जबाव में पूर्व विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी कहा था कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिन लोगों ने इस्लाम या ईसाई धर्म अपना लिया है, वे आरक्षण के लाभ का दावा नहीं कर सकते हैं। यही नहीं ये लोग सरकारी नौकरियों के साथ-साथ संसद और विधानसभा के लिए आरक्षित सीटों पर भी चुनाव लड़ने के योग्य नहीं माने जाएंगे। केवल हिन्दू,सिख और बौद्ध मत को मानने वाले लोग ही अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने की पात्रता रखेंगे। इन्हीं लोगों को सरकारी नौकरियों की पात्रता रहेगी। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया था कि इस्लाम और ईसाई धर्म अपना चुके अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों को संसद या विधानसभा चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम में भी संशोधन की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि हिंदुत्व को मानने वाले और इस्लाम या ईसाई धर्म अपना चुके लोगों के बीच अधिनियम में पहले से ही स्पष्ट विभाजन रेखांकित है। इस बयान से साफ होता है कि इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलित और बृहद हिंदू धर्म के तहत आने वाले दलितों के बीच अंतर साफ है।

# सिस्टम का कैंसर भ्रष्टाचार है

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर शासन प्रशासन के सिस्टम का कुशासन रूपी कैंसर भ्रष्टाचार है, जिसकी पीड़ा शायद ही कोई देश होगा, जहां सुशासन को दीमक रूपी कुशासन ने न प्रतिस्थापित किया हो। हर देश के शासन प्रशासन को चलाने के लिए मनीराम प्रमुख होता है जिसकी उत्पत्ति उस देश के करदाताओं द्वारा होती है, जो उनके टैक्स द्वारा दिए गएमनीराम के बल पर सारी नीतियां रणनीतियां क्रियान्वित होती है, जिसके लिए हर देश में उस आने वाले वर्ष के लिए गतवर्ष में ही कर निर्धारण वर्ष के लिए बजट बनाया जाता है, जिसमें कराधान की नीतियां स्ट्रक्चर इत्यादि कोनिर्धारित किया जाता है। इसी बजट में ही सभी वर्गों सहित अंतिम छोर तक बैठे गरीब व्यक्ति के लिए भी योजनाएं शामिल होती है। परंतु बड़े दुर्भाग्य की बात है हम रिचिंग लास्ट माइल की बातें शाब्दिक रूप से बहुत करते हैं, अपने हर संबोधन में हर पार्टी के नेता इसी लास्ट माइल की बात करते हैं।परंतुबदकिस्मती है कि वह लास्ट माइल आज भी जस का तस है, क्योंकि उसे पता ही नहीं चलता कि बजट में उनके लिए क्या है और वह अंदर ही अंदर मिलीभगत से कैंसर रूपी भ्रष्टाचार का शिकार होकर दम तोड़ देता है। इसीलिए हम कह सकते हैं कि अंतिम छोर तक पहुंच मॉडल में भ्रष्टाचारी बहुत बड़े बाधक हैं।हालांकि अंतिमछोर तक पहुंच के लिए ही आकांक्षी जिला कार्यक्रम 500 उपखंड में एक साथ शुरू किया गया है, परंतु कैंसर रूपी भ्रष्टाचार को जब तक जीरो टॉलरेंस नहीं बनाया जाएगा तब तक यह भ्रष्टाचारी हर नीतियों और मॉडल में बाधक सिद्ध होंगे। इसलिए जनता में जागृति फैलाने माननीय पीएम महोदय बजट 2023 में रिचिंग द लास्ट माइल के बजट में किए गए प्रावधानों को इस चौथे वेबीनार के माध्यम से संबोधित किए इसलिए आजहम पीआईबी में उपलब्ध जानकारीकेसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिचिंग द लॉस्ट माइल। साथियों बात अगर हम 27 फरवरी 2023 को चौथे वेबनार अंतिम छोर तक पहुंच (रिचिंग द लास्ट माइल) में पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने केंद्रीय बजट 2023 में घोषित होने वाली पहलों के कारगर क्रियान्वयन के लिये सुझाव और विचार आमंत्रित करने के क्रम में सरकार द्वारा आयोजित 12 बजट-उपरांत वेबिनारों में से यह चौथा वेबिनार में कहा कि इस वर्ष के बजट में जनजातीय और ग्रामीण इलाकों के अंतिम छोर तक पहुंचने के मंत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जल जीवन मिशन के लिये करोड़ों रुपयों का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि 60 हजार से अधिक अमृत सरोवरों पर काम चालू हो चुका है, जिनमें से 30 हजार सरोवरों का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा,ये अभियान दूर-दराज रहने वाले उन भारतीयों के जीवनस्तर में सुधार ला रहे हैं, जो दशकों से इन सुविधाओं का इंतजार करते रहे हैं। हमें यहीं नहीं रुकना है। हमें पानी के नये कनेक्शनों और पानी की खपत के तरीकों के लिये प्रणाली बनानी है। हमें इस बात की भी समीक्षा करनी होगी कि जल समितियों को और मजबूत करने के लिये क्या किया जा सकता है।अपने वक्तव्य के आरंभ में पीएम ने बजट पर संसद में होने वाली बहस के महत्त्व को रेखांकित करते हुये कहा कि सरकार ने इससे एक कदम आगे बढ़ाया है तथा पिछले कुछ सालों में सरकार ने बजट के बाद हितग्राहियों के साथ गहन विचार-विमर्श की एक नई परंपरा शुरू की है। उन्होंने कहा, यह कार्यान्वयन और समयबद्ध आपूर्ति की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। इससे करदाताओं के धन की पाई-पाई का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होता है। पहली बार जनजातीय समुदायों के सबसे अधिक वंचितों के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा,हमें देश के 200 से अधिक जिलों में 22 हजार से अधिक गांवों के अपने जनजातीय मित्रों को तेजी से सुविधायें उपलब्ध करानी हैं। इस संबंध में पसमांदा मुसलमानों का भी उल्लेख किया। इस बजट में सिकिल सेल से पूरी तरह मुक्ति पाने का भी लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा,इसके लिये सम्पूर्ण राष्ट्र की सोच अपनानी होगी। इसलिए स्वास्थ्य सम्बंधी हर हितग्राही को तेजी से काम करना होगा। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे मजबूत मगर सस्ते मकान बनाने के लिये प्रौद्योगिकी के साथ आवासन को जोड़ने के तरीकों पर चर्चा करें। वे सौर ऊर्जा से लाभ उठाने के आसान तरीकों को खोजने तथा शहरी व ग्रामीण, दोनों इलाकों में लागू करने योग्य ग्रुप हाउसिंग के मॉडलों पर भी चर्चा करें। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में गरीबों के लिये मकान बनाने के मद्देनजर 80 हजार करोड़ रुपये रखे गये हैं। परिपूर्णता की नीति के पीछे की सोच के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतिम छोर तक पहुंचने की दृष्टि और परिपूर्णता की नीति एक-दूसरे की पूरक हैं। उन्होंने कहा कि पुराने परिदृश्य में सब-कुछ इसके उलट था, जहां गरीबों को बुनियादी सुविधाओं के लिये सरकार के पीछे दौड़ना पड़ता था।

## बस मरता एक बार है...

**डॉ. सुरेश कुमार**

एक मास्टर जी जिंदगी भर पढ़ाने के लिए तरसते रहे। तरसते-तरसते इस दुनिया को अलविदा कह गए। मरते समय उन्होंने एक चिट्ठी लिखी थी। वही उनकी अंतिम निशानी और इच्छा थी। उसमें उन्होंने लिखा - मैं जब मर जाऊँ तो नाक के पास अंगुली लगाकर एक बार देख लेना कि कहीं जीवित तो नहीं हूँ। हाँ यह सब जेब देखने के बाद भी कर सकते हो। मतलब के बाद ही बेमतलब की चीजें करने में समझदारी समझी जाती हैं। मेरी सांसें मोहताज थी किसी की, उसे लेने में कोई शर्म नहीं है और न मुझे देने में। हाँ जेब की चीजें खुद से नहीं दे सकता। एटीएम कार्ड पड़ा है। निकाल लेना। तुरंत जाकर पिन झ्र एक तेरह सात दबा देना। वहीं से तुम्हारा मेरा साथ खत्म हो जाएगा। मुझे पैसों की चिंता नहीं है। चिंता तो मेरी चिता की है। एक अंतिम इच्छा है। हो सके तो पूरा कर देना। मेरे शव को दफनाते समय कफन की बजाय पुराने नोटबुक के कागज, पत्र-पत्रिका के पन्नों से मुझे ओढ़ा देना। कम से कम पढ़ने-लिखने के काम तो आयेंगे। कपड़े का क्या है। चिता को छू जाए तो कफन बन जाता है और जीते जी किसी भूखे-नंगे के बदन को ढक दे तो लाज बनकर शान बन जाता है। कम से कम इसी बहाने जाते-जाते कुछ बच्चों को मुस्कुराने का अवसर तो दूँगा। मैं न मुस्कुरा सका तो क्या हुआ, दुनिया में लाखों रुलाने वालों की तरह मैं उनकी गिनती में शामिल होने से बच जाऊँगा। यही एक पुण्य काफी है इस पापी दुनिया से बच बचाकर निकलने का। मुझे मिट्टी में मत दफनाना।

## फटाफट खबरें

### दलित युवती से दुष्कर्म के मामले में दोषी सूर्य प्रकाश उर्फ गुड्डू वर्मा को उम्र-कैद

**सुलतानपुर। स्कूल** से लौट रही दलित युवती से असलहे के दम पर दुष्कर्म करने व धमकी के मामले में स्पेशल जज एससी- एसटी एक्ट नवनीत कुमार गिरी की अदालत ने आरोपी सूर्य प्रकाश उर्फ गुड्डू वर्मा को दोषी करार दिया है, जिसे अदालत ने उम्र-कैद एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मालूम हो कि अखंडनगर थाना क्षेत्र*की रहने वाली दलित युवती ने 27 अप्रैल 2002 को स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक 15 अप्रैल 2002 को दिन में वह विद्यालय से लौट रही थी,तभी रास्ते में अखंडनगर थाना क्षेत्र के पसना गांव के रहने वाले आरोपी सूर्यप्रकाश उर्फ गुड्डू वर्मा उसे रोककर जबरदस्ती पास की ट्यूबवेल में उठा ले गया और उसके कपड़े फाड़ कर असलहे के दम पर दुष्कर्म किया।

आरोपी ने पीड़िता को घटना के सम्बंध में किसी से बताने पर या इस प्रकरण की शिकायत कहीं करने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी थी,पीड़िता ने बाद में अपनी माँ से आप बीती बताई, डर वश एवं लोक-लाज के कारण पीड़िता के घर वालों ने घटना के संबंध में पहले मुकदमा दर्ज नहीं कराया, लेकिन बाद में पीड़िता को किसी तरीके से हिम्मत मिली तो मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। इस घटना के संबंध में आरोपी सूर्यप्रकाश उर्फ गुड्डू वर्मा के खिलाफ दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज हुआ एवं सभी धाराओं में आरोप-पत्र भी दाखिल हुआ। मामले का विचारण स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट की अदालत में चला। इस दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपने साक्ष्यो एवं तर्कों को प्रस्तुत करते हुए आरोपी को बेकसूर साबित करने का पूरा प्रयास किया। वहीं अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक ने अभियोजन गवाहों व तर्को को प्रस्तुत करते हुए आरोपी सूर्यप्रकाश उर्फ गुड्डू वर्मा के जरिए किए गए अपराध को अत्यंत घृणित और ऐसे अपराधी के साथ किसी प्रकार की नरमी बरतना समाज के लिए घातक बताते हुए उसे कड़ी से कड़ी सजा से दंडित किए जाने की मांग की।उभय पक्षो को सुनने के पश्चात स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट नवनीत कुमार गिरि की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे मृत्यु ना हो जाने तक जेल में सजा काटने एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### आवारा पशु कर रहे हैं फसल को तबाह

**गाजियाबाद। खिंदौड़ा** गांव के जंगल में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या ने फसलों को तबाह कर दिया है। गेहूं की फसल, जई व मटर की फसल में आए दिन पशु नुकसान कर कर रहे है। किसानों के अनुसार आवारा पशुओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में किसान अपने खेतों में पहरा दे रहे हैं। ल आवारा पशु उस खेत से उस खेत में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई किसानों का कहना है की नगर निगम को तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि किसानों की फसल आवारा पशुओं से बच सके और आवारा पशुओं को पकड़ कर उन्हें दूसरे स्थान या गौ शाला भेजा जा सके।

### मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हाथरस। सफाई क**र्मचारियों की समस्याओं को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार डब्बू के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मांग की है कि पूरे प्रदेश में 64 हजार संविदा सफाई कर्मी पिछले 17 वर्षों से लगातार कार्य कर रहे है । वहीं प्रदेश सरकार ने हाल ही में संविदा कर्मियों को भी सातवे वेतन आयोग का लाभ देने कि बात भी कही गई है। जिलाध्यक्ष ने मांग कि है कि पालिका में कार्यरत सभी संविदा कर्मियों को भी जल्द से जल्द सातवे वेतन आयोग का लाभ प्रदान किया जाए । इसके साथ ही हिन्दुओं के महापर्व होली को देखते हुए सभी स्थाई संविदा व आउट सोर्सिंग पर कार्य कर रहे सफाई कार्मियों को बकाया वेतन दिलाए जाने की बात भी रखी गई है । जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष दिलीप डब्बू के अलावा जिला महामंत्री राजू पाथरे व नगर अध्यक्ष अनिकेत वाल्मीकि के अलावा दर्जनों सफाई कर्मी मौजूद थे ।

### बसंत पंचमी से शुरू होती है ब्रज की होली

**हाथरस। ब्रज क्षेत्र** में होली एक दिन का त्यौहार नहीं है और न ही रंग गुलाल, मस्ती और पकवानों के त्यौहार मात्र को होली कहते हैं। मथुरा वृंदावन में होली का पर्व ऐसा मनाया जाता है कि देश और दुनिया में इसका रंग छा जाता है। जिसका शुभारंभ बसंत पंचमी के शुभ दिन से ही शुरू हो जाता है। इस दिन ब्रज में होली का ढाड़ा गाड़े जाते हैं और इस तरह ब्रज में होली महोत्सव की शुरूआत हो जाती है। अब ब्रज के मंदिरों में सुबह सुबह भगवान श्री कृष्ण को अबीर रंग लगाने की परंपरा भी शुरू कर दी गई है।

वैसे तो ब्रज में होली का त्यौहार 15 दिन से अधिक दिन तक चलता है। इसलिए होली से पूर्व ही ब्रज भूमि में चारों तरफ होली की रौनक देखने को मिल जाती है ब्रज की इस होली का आनंद लेने के लिए देश - विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर साल यहां आते हैं। ब्रज क्षेत्र में कई दिनों तक चलने वाले होली पर्व में कई प्रकार की होली खेली जाती हैं। जिसमें मुख्य रूप से बरसाना की लड्डू होली, बरसाना की लठमार होली, रंगभरनी एकादशी और वृंदावन प्रक्रिमा, गोकुल की छड़ीमार होली, फालौन में जलती होलिका से पंडा के निकलने की लीला, दाऊजी का हुरंगा और चरकुला नृत्य मुखराई, रंगजी मंदिर में होली उत्सव वृंदावन आदि सम्मलित हैं। मथुरा के फालैन गांव में दशकों से चली आ रही परंपरा का अनुसरण करते हुए हर वर्ष एक व्यक्ति जिसे पंडा कहा जाता है।

होली की आग की लपटों को पार करता है, वह वसंत पंचमी के दिन से ही गांव के मंदिर में जमीन पर ही सोता है। वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर जिसमें होली की असल रौनक देखने को मिलती है। सप्ताह भर पहले ही यहां की संकरी गलियां लाल, पीले, हरे, गुलाबी रंगों में रंग जाती हैं और होली है, होली है का शोरगुल व्यक्ति के भीतर एक अलग उत्साह पैदा करता है। बांके बिहारी मंदिर मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित है।

इस्कॉन मंदिर। चूंकि यह मंदिर सफेद टाइल्स का बनाया गया है, इसलिए इस मंदिर में रंग, गुलाल की होली के बजाय फूलों की होली खेली जाती है। होली का सबसे अच्छा अनुभव प्रेम मन्दिर में होता है। वृंदावन में प्रेम मन्दिर की स्थापना 2001 में हुई थी। यह वृंदावन का सबसे मशहूर और अद्भुत मंदिर है। हालांकि मंदिर के अंदर होली खेलने पर पाबंदी है, लेकिन मंदिर के बाहर आपको हजारों की संख्या में सैलानी होली खेलते दिख जायेंगे। ऐसे में आप भी इस जश्न में शामिल हो सकते हैं। गोविंद देव जी मंदिर वृंदावन का सबसे प्राचीन मंदिर है। सात मंजिला यह मंदिर पूरी तरह पत्थर का बना है। लेकिन मुगल आक्रमण के बाद से इस मंदिर में केवल तीन ही इमारत बची हैं। यहां भी होली का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। वृंदावन के ब्रज में गुलाल कुंड भी एक दिलचस्प जगह है। यह गोवर्धन पहाड़ी के पास एक छोटी और सुंदर सी झील है। यहां के रहने वाले लोग कृष्ण लीला नाटक में अभिनय करते हैं और पर्यटकों के सामने होली के दृश्यों को दशार्ते हैं। यहां के मंदिरों में बाहर से लाए गए कैमिकलों से बने गुलाल, रंगों से होली नहीं खेली जाती बल्कि यहां फूलों तथा कसेर आदि जैसे प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करके रंग बनाकर होली में प्रयोग किए जाते हैं। मूरत भगवान श्री कृष्ण का जन्म स्थान है, और वृंदावन वह स्थान है जहां वे बचपन में बड़े हुए थे। जब श्री कृष्ण छोटे थे तो उन्होंने अपनी मां को राधा ( उनकी सहेली ) के गोरा होने के बारे में बताया, जबकि श्री कृष्ण स्वयं काले रंग के थे।

# ओटी व लेबर रूम के लिए खरीदें इनवर्टरः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रोगी कल्याण समिति बैठक में कहा कि जनरल सर्जन, ऑर्थो सर्जन, एएनटी सर्जन आदि की उपलब्धता हो गई है तो सर्जरी में अधिक संख्या बढ़ाए। इमरजेंसी वार्ड में सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से चलना चाहिए। ऑक्सीजन बेड पर सेंटर लाइन ऑक्सीजन दें। ऑक्सीजन सिलेंडर का डाटा भी नोट करते रहें।

बुधवार को जिलाधिकारी ने अपने चेम्बर में रोगी कल्याण समिति की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये कि गार्ड के माध्यम से रोड पर खडी गाड़ियां व्यवस्थित करायें। प्रसव कक्ष मे काटन का टावल ही उपलब्ध करायें। प्रसव कक्ष में विंडो एसी भी लगवाए। पंखे व एसी-कूलर की मरम्मत करा लें। ईओ कर्वी को निर्देश दिया कि जल संस्थान को दिखाकर वाटर टैंक ठीक कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जो गाय, भैंस बाउंड्री के अन्दर घूमती फिरती है, उनको सीमेंटेड पिलर पर ही फैंसिंग कराएं। अधिशासी



अधिकारी को निर्देश दिये कि सुलभ शौचालय कुछ शुल्क लेकर चलाएं, ताकि साफ-सफाई बनी रहे। ओटी व लेबर रूम के लिए बैटरी व इनवर्टर ले। नेडा से तालमेल बनाकर सोलर पैनल सिस्टम से चलाएं। सीएमओ को निर्देश दिये कि एक रैन बसेरा भी बनवाए, ताकि मरीजों के साथ आए तीमारदारों को ठहरने का स्थान मिल सके।

बैठक में सीएमएस डॉ सुधीर कुमार शर्मा, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, ईओ कर्वी लालजी यादव, समिति सदस्य पंकज अग्रवाल व अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में दलालों से मिलकर चकबन्दी अधिकारी कर रहे चक परिवर्तन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्रा एड ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि चकबन्दी अधिकारी मानिकपुर ब्लाक के बगरेही गांव के कास्तकारों के साथ खिलवाड कर रहे हैं। दलालों को घर बैठाकर जिनसे रुपये पा गये हैं, उनके चक बदल रहे हैं।

बुधवार को उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्रा एड ने



जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि चकबन्दी अधिकारी अपने घर में बैठकर जिनसे रुपये पा गये हैं, उनके चक बदल रहे हैं। जिनसे रुपये नहीं मिले, इनके चक भले ही गलत बने हों। यथावत बैंक डेट में कर दिया है। न्यायालय कक्ष में कास्तकारों की बात न सुनकर अपने किराये के घर में चक परिवर्तन का काम कर अवैध कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से अवैध चक परिवर्तन के आदेश को रद्द कर के पुनः सुनवाई करने का निर्देश दिया जाना न्यायहित में होगा।

उन्होंने जिलाधिकारी को इस बाबत भेजे वीडियो में कहा कि चकबन्दी अधिकारी किस तरह से अपने घर में दलालों के माध्यम से गलत काम कर रहे हैं, जबकि ये काम खुले न्यायालय में करना चाहिए। उन्होंने मांग किया कि ग्रामीण जनता के हितों को देखते हुए चकबन्दी अधिकारी मानिकपुर के घर में किये भेदभाव पूर्ण चक परिवर्तन के आदेश निरस्त कर खुले न्यायालय में सुनवाई का निर्देश दिया जाये।

# मुख्तार अंसारी का साथ पाकर बैंक मैनेजर बना माफिया

## नवनीत सचान के हर कार्य में है साझेदार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जेल मिलनकांड मामले में दिन-प्रतिदिन नये खुलासे हो रहे हैं। जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो अंसारी के बिना इंट्री के जेल में मिलने के बाद से जिला मुख्यालय के लोगों से उनके तार जुडे होने की जानकारियां मिल रही हैं। इस मामले में पहले ही दो लोग जेल जा चुके हैं।

बुधवार को खास सूत्रों ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर के आसपास के किसी गांव का एक बैंक मैनेजर, जिसने अवैध ढंग से करोडों रुपये अर्जित किये हैं। उसके निखत बानो अंसारी परिवार से गहरे रिश्ते होने की खबर मिली है।



इस बैंक मैनेजर ने तमाम लोगों को फर्जी ढंग से लोन देकर भारी कमीशनखोरी कर करोडों रुपये अवैध ढंग से कमाये हैं। इसका एक भारी बंगला जिला मुख्यालय में बना है। इसके अलावा जेल में बन्द जेल कैंटीन संचालक/भू-माफिया नवनीत सचान के साथ प्रत्येक गतिविधियों में बैंक मैनेजर की साझेदारी है। इसी के चलते बैंक मैनेजर व नवनीत सचान की जिले में करोडो रुपये की तमाम जमीनें हैं। इन जमीनों का ये लोग प्लाटिंग का कारोबार मस्ती से करते थे, जिस दिन से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द जिले में आ गये हैं, इनके जमीन का कारोबार ठंडा पड गया है।

बैंक मैनेजर व जेल में बन्द नवनीत सचान की दुरभिसन्धि के चलते इन दिनों इनसे बडा भू-माफिया जिले में दूसरा कोई नहीं है। फिर मुख्तार अंसारी का सपोर्ट जिसे मिल जाये तो उससे बडा माफिया कौन हो सकता है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि बैंक मैनेजर की नकेल कसी जाये तो अंसारी परिवार से जुडे होने के तमाम राज का पदार्फास हो जायेगा।

## न्यूज झरोखा

### सीडीओ के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा बीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के एक सचिव सीडीओ के आदेश की धज्जियां उडा रहा है। तीन सप्ताह बीतने के बाद भी भ्रष्ट सचिव पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। सरकार के जीरो टालरेंस के वायदों को सचिव चुनौती दे रहा है।

ये मामला जिले के रामनगर ब्लाक के भंभेट गांव का है। सचिव मनीष पाण्डेय पर नेहा तिवारी नामक महिला ने रिश्वत न देने पर उसका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची से काट देने की जानकारी दी है। ग्रामसभा रगौली में ओमप्रकाश नामक व्यक्ति ने एक लाख 92 हजार रुपए बैंक आफ बड़ौदा में भूमि बंधक की है, उसे पात्र बनाकर एक किस्त भी जारी कर दी है। जबकि सीडीओ ने इस बाबत जांच के आदेश दिये तो, लेकिन बेलगाम बीडीओ ने दोनो मामलों में रिपोर्ट लगाने में आनाकारी कर रहा है।

लोगो ने दबी जुबान में बताया कि भ्रष्ट सचिव एक ब्लाक प्रमुख का रिश्तेदार है। इसलिए राजनीतिक दबाव के चलते सचिव पर कार्यवाही नहीं हो रही है। सवाल है कि अंत्योदय की परिकल्पना और जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को कब मिलेगा।

### होली पर्व पर पुलिस की छापेमारी जारी, 106 क्वार्टर देशी शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर पुलिस बडे पैमाने पर छापेमारी कर शराब कारोबारियों को दबोचने में जुटी है। पांच लोगों के कब्जे से 106 क्वार्टर देशी शराब व 15 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में राजापुर थाने के दरोगा काशीनाथ यादव ने माता प्रसाद साहू, रामलाल साहू निवासी तीरधुमाई गंगू के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर चालान किया है। राजापुर थाने के दरोगा प्रभाकर उपाध्याय ने लूपलाइन चैराहे से रविशंकर उर्फ छोटू पुत्र राजबहादुर सोनकर निवासी हनुमानगंज के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है। बरगढ थाने के दरोगा राजकुमार की टीम ने इन्द्रपाल पुत्र रज्जू निवासी लसई गुंइयाकला के कब्जे से पचास क्वार्टर देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

इसी क्रम में बहिलपुरवा थाने के दरोगा रामप्रवेश यादव की टीम ने राजेश यादव पुत्र भवानी यादव निवासी दुधवनिया माराचन्द्रा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर दबोचा है। मऊ थाने के दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने मोनू निषाद पुत्र कामता निवासी हटवन मजरा मटियारा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

# संयुक्त टीम ने छापेमारी कर नष्ट किया साढे पांच कुंतल लहन

## 75 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत डीएम-एसपी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव की अगुवाई में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव के मंदाकिनी किनारे व थाना राजापुर में भैरम बाबा तथा चिल्लीराकस गांव में दबिश देकर साढे पांच कुंतल लहन नष्ट किया।

बुधवार को आबकारी टीम व पुलिस ने संयुक्त छापेमारी राजापुर सीओ व आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार



सिंह, राजकिशोर सिंह, नीरज वर्मा, कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह, राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्र, सीतापुर चैकी प्रभारी प्रवीण सिंह, शिवरामपुर चैकी प्रभारी राजोल नागर के साथ कानून व्यवस्था की बैठक के बाद छापेमारी की। होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर छापेमारी कर साढे पांच कुंतल लहन नष्ट कर मौके से 75 लीटर महुआ शराब व नौ शराब बनाने की भट्ठी तथा उपकरणों को नष्ट किया। शराब ठेकेदारों की जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने आबकारी कार्यालय में बैठक कर निर्देश दिये कि होली के मौके पर बन्दी दौरान किसी भी विक्रेता के यहां से शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। बिक्री होते पकडे जाने पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

# ट्रैफिक चौराहे में खडे वाहनों का करें धडाधड चालान

## डीएम ने ट्रैफिक चौराहे का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने ट्रैफिक चैराहे के चैड़ीकरण, सुन्दरीकरण व पटेल तिराहे के सुन्दरीकरण का औचक निरीक्षण कर एक्सईएन लोनिवि को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर फुटपाथ पर जो लोग दुकाने लगाए हैं, उसे हटाए।

बुधवार को जिलाधिकारी ने ट्रैफिक चैराहे का औचक निरीक्षण कर टैर्जफक इंस्पेक्टर को निर्देश दिये कि चैराहे पर जो वाहन खड़े होते हैं, उसका चालान कराएं, ताकि आवागमन बाधित न हो। ट्रैफिक चैराहे पर लगे ट्रांसफार्मर को कहीं अलग शिफ्ट कराएं, ताकि आवागमन व रोडो का चैड़ीकरण हो सके। 3-4 बोर्ड लगवाए, जिस पर लिखा हो कि यहां पर गाड़ियां



खड़ी करना सख्त मना है।

उन्होंने हाई मास्क लाइट की बाबत ईओ से जानकारी ली और कहा कि एक हाई मास्क लाइट अच्छी लगाएं। ड्रेन, फुटपाथ, आइलैंड का आकार अच्छा होना चाहिए। पटेल तिराहा का निरीक्षण कर एक्सईएन लोनिवि को निर्देश दिये कि कुछ डाइमेंशन चेंज कर इसमें लाइटिंग व आवागमन को स्थान निर्धारित कराएं एवं पोल भी शिफ्ट करायें। उन्होंने कहा कि रोड, तिराहा लाइटिंग का स्टीमेट बनाकर दिखाएं। इस मौके पर एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, ईओ लालजी यादव, रोड साइनेंस के लिए लखनऊ से आए अबुल फैज समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने आर्थिक, सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में जापान को बताया साझेदार

**सोल.** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने बुधवार को जापानी औपनिवेशिक शासन के खिलाफ देश के 1919 के स्वतंत्रता आंदोलन की वर्षगांठ के मौके पर जापान को सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों से निपटने में एक साझेदार बताया।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोल में यू ग्वान-सन के मेमोरियल हॉल में 1 मार्च को स्वतंत्रता आंदोलन को संबोधित करते हुए यून ने अपने पहले संबोधन में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, 1 मार्च के स्वतंत्रता आंदोलन के एक शताब्दी बाद, जापान अतीत के एक सैन्य आक्रमणकारी से एक भागीदार में बदल गया है, जो हमारे साथ समान सार्वभौमिक मूल्यों को साझा करता है।

आज कोरिया और जापान सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के मुद्दों पर सहयोग करते हैं। हम वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भी मिलकर काम करते हैं। यून ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच त्रिपक्षीय सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया।

दक्षिण कोरिया के आधिकारिक नाम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कोरिया गणराज्य, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान के बीच त्रिपक्षीय सहयोग उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु खतरों और वैश्विक बहुसंकट सहित सुरक्षा संकटों को दूर करने के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

## जूली सु श्रम सचिव के रूप में काम करने के लिए नामित



**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने घोषणा की है कि वह जूली सु को अपने प्रशासन के श्रम सचिव के रूप में काम करने के लिए नामित कर रहे हैं। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, सु वर्तमान में श्रम के उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं और वह मार्टी वॉल्श की जगह लेंगे, जो नेशनल हॉकी लीग प्लेयर्स एसोसिएशन का नेतृत्व करने जा रहे हैं।व्हाइट हाउस के अनुसार, सु पहले कैलिफोर्निया के श्रम सचिव थे और नागरिक अधिकार वकील के रूप में 17 साल बिताए थे। व्हाइट हाउस ने कहा कि स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक, सु मंदारिन और स्पेनिश भाषा बोलने वाले अप्रवासियों की बेटी हैं।

## चीन है अमेरिका के लिए बड़ा खतरा, सीसीपी ने कहा- 'हमें इस पर तत्काल कदम उठाने होंगे'

**वाशिंगटन.** अमेरिकी कानून निर्माताओं ने चीन को अमेरिका पर अस्तित्व पर खतरा करार दिया है। रिपब्लिक पार्टी के बहुमत वाले हाउस ऑफ रिप्रेजेंटिव्स में चीन पर हुई पहली सुनवाई के दौरान अमेरिकी कानून निर्माताओं ने यह बयान दिया। चीन को आक्रामक मानता है अमेरिका कानून निर्माताओं ने चीन द्वारा दी जा रही चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए देश के अंदर और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पूरा जोर लगाने की बात भी कही। अमेरिका नियमित और ऐतिहासिक तौर पर चीन के व्यवहार को आक्रामक बताता रहा है।

**'यह अस्तित्व पर संघर्ष है'**

हाल ही में बनाई गई समिति का नाम हाउस सलेक्ट कमेटी ऑन द चाइनीज कम्यूनिस्ट पार्टी (सीसीपी) है। सीसीपी के अध्यक्ष माइक गालागेर ने कहा कि यह सभ्यता से खेला जाने वाला कोई टेनिस मैच नहीं है। यह एक अस्तित्व पर संघर्ष है कि 21वीं सदी में जीवन कैसा होगा और अधिकतर मूलभूत अधिकार दांव पर लगे हुए हैं। हमें इस पर तत्काल कदम उठाने होंगे। आने वाले दस सालों में हमारी नीति सैकड़ों सालों के लिए मंच तैयार करेगी। कांग्रेस के भारतीय मूल के राजा किशोरमूर्ति ने गालागेर की बातों का समर्थन किया।

**'सीसीपी को कमतर आंका'**

राजा किशोरमूर्ति ने कहा कि पिछले तीन दशकों से डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकंस ने सीसीपी को कमतर आका। दोनों ने यह मान लिया था कि व्यापार और निवेश से निश्चित तौर पर लोकतंत्र आएगा और पीसीआर समेत इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में अधिक सुरक्षा होगी।

## चीनी लैब से संभावित लीक के कारण कोविड-19 हुआ : एफबीआई प्रमुख

**वाशिंगटन.** यूएस फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा है कि सबसे अधिक संभावना यह है कि कोविड-19 महामारी वुहान शहर में एक चीनी सरकार-नियंत्रित लैब से उत्पन्न हुई है।

मंगलवार को फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में क्रिस्टोफर रे ने कहा- एफबीआई ने पिछले कुछ समय से यह आकलन किया है कि महामारी की उत्पत्ति वुहान में एक संभावित प्रयोगशाला घटना है। यहां चीनी सरकार द्वारा नियंत्रित लैब से संभावित लीक की बात सामने आ रही है।

मुझे ऐसा लगता है कि चीनी सरकार, यहां के कामों को, हम जो काम कर रहे हैं, जो काम हमारी अमेरिकी सरकार और करीबी विदेशी साझेदार कर रहे हैं, उसे विफल करने और अस्पष्ट करने की पूरी कोशिश कर रही है। और यह सबके लिए दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि एफबीआई के पास ऐसे विशेषज्ञ हैं जो जैविक खतरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिसमें कोविड जैसे नोवल वायरस जैसी चीजें शामिल हैं, और चिंताएं हैं कि वे कुछ बुरे लोगों, एक शत्रुतापूर्ण राष्ट्र राज्य, एक आतंकवादी, एक अपराधी के गलत हाथों में हैं।



बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ अध्ययनों ने सुझाव दिया है कि वुहान में संभवतः शहर के समुद्री भोजन और वन्यजीव बाजार में वायरस ने जानवरों के साथ-साथ मनुष्यों को भी संक्रमित किया है।

यह बाजार वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से 40 मिनट की दूरी पर है, जिसने कोरोन वायरस पर शोध किया था।

लेकिन चीन ने लैब लीक थ्योरी का खंडन किया है।

एफबीआई प्रमुख ने फॉक्स न्यूज को बताया कि चीनी सरकार कोरोनावायरस की उत्पत्ति में खोजी कार्य को अवरुद्ध करने की कोशिश कर रही है।

अमेरिकी ऊर्जा विभाग द्वारा हाल ही में आकलन किए जाने के बाद रे की टिप्पणी आई कि कोविड-19 महामारी चीन में एक आकस्मिक प्रयोगशाला लीक के कारण हुई थी।

राष्ट्रीय खुफिया परिषद के साथ-साथ चार अन्य सरकारी एजेंसियां का आकलन है कि कोविड-19 एक संक्रमित जानवर से प्राकृतिक संचरण के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुआ, लेकिन सीआईए और अन्य सरकारी एजेंसियां इसमें उलझी हुई हैं।सोमवार को, व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन यह पता लगाने के लिए सरकार के पूरे प्रयास का समर्थन कर रहे हैं कि कोविड की शुरूआत कैसे हुई।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में अब भी स्पष्ट सहमति नहीं है कि क्या हुआ।कोविड-19 पहली बार 2019 के अंत में सामने आया था और तब से दुनिया भर में लगभग 70 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।

## ग्रीस : ट्रेनों की आमने-सामने टक्कर में 32 की मौत, 80 से अधिक घायल (लीड-1)

**एथेंस.** मध्य ग्रीस में दो ट्रेनों के बीच भीषण टक्कर में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक लोग घायल हो गए।

सीएनएन ने ग्रीक फायर सर्विस के हवाले से बताया कि हादसा लारिसा शहर के पास टेंपी में मंगलवार देर रात हुआ।

350 लोगों को लेकर एथेंस से उत्तरी शहर थेसालोनिकी जा रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच टक्कर की वजह की जांच की जा रही है।

राष्ट्रीय प्रसारक ईआरटी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि जोरदार टक्कर के बाद कई डिब्बे पटरी से उतर गए और कम से कम तीन में आग लग गई। ग्रीक फायर



सर्विस ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सेवा के प्रवक्ता वासिलिस वर्थकोगियानिस ने कहा कि 17 वाहनों और 40 एंबुलेंस के साथ कम से कम 150 दमकलकर्मी वर्तमान में चल रहे बचाव अभियान में शामिल हैं।

उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि 194 यात्रियों को सुरक्षित रूप से थेसालोनिकी ले जाया गया और 20 लोगों को लारिसा शहर में बस द्वारा स्थानांतरित किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि घायलों में से 53 अस्पताल में हैं।

## चीन की लैब में लीक से COVID महामारी के फैलने की है संभावना - FBI के निर्देशक


**वाशिंगटन.** कोरोना वायरस के दुनिया में फैलने का कारण हमेशा से चीन को माना जाता रहा है। वहीं, अब FBI (US Federal Investigation Agency) के निदेशक क्रिस्टोफर रे (FBI Director Christopher Wray) ने मंगलवार को कहा कि एजेंसी ने आकलन किया है कि चीन के वुहान में एक लैब (laboratory in Wuhan) से रिसाव के कारण संभवतः COVID-19 महामारी पूरी दुनिया में फैली थी।

**कोरोना चीन से ही फैला- रे**

निदेशक क्रिस्टोफर रे ने फॉक्स न्यूज को बताया कि एफबीआई (FBI) ने काफी समय से यह आकलन किया है कि महामारी की उत्पत्ति वुहान में एक संभावित लैब में हुई घटना है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रविवार को बताया कि अमेरिकी एनर्जी डिपार्टमेंट (US Department of Energy) ने मूल्यांकन किया है कि महामारी चीन में एक प्रयोगशाला रिसाव के कारण फैली है।

**अमेरिकी एनर्जी डिपार्टमेंट ने पेश की रिपोर्ट**

सोमवार को अमेरिकी एनर्जी डिपार्टमेंट (US Department of Energy) ने कोरोना वायरस (Coronavirus) से जुड़ी फाइनल रिपोर्ट पेश की। एनर्जी डिपार्टमेंट ने पहले कहा था कि वायरस के ओरिजन का पता नहीं चल पा रहा है, लेकिन अब उसका मानना है



कि वायरस के वुहान लैब से लीक होने की संभावना सबसे ज्यादा है।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी सरकार महामारी की उत्पत्ति पर एक निश्चित निष्कर्ष और आम सहमति पर नहीं पहुंची है। एनर्जी डिपार्टमेंट के अधिकारियों का कहना है कि रु बायोलॉजी लैब्स से उन्हें खुफिया जानकारी मिली है और इसी इनपुट के आधार पर फाइनल रिपोर्ट पेश की गई है।

**वुहान की लैब से लीक हुआ वायरस**

कुछ अधिकारियों का यह भी मानना है कि ये रिपोर्ट काफी कमजोर है। इसका निष्कर्ष किसी ठोस बुनियाद पर नहीं निकाला गया है। अमेरिका की कई एजेंसियां के बीच अब भी वायरस के ओरिजन को लेकर मतभेद हैं।

वहीं, साल 2021 में ही अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी ने भी दावा किया था कि चीन में एक लैब से ही कोरोना वायरस लीक हुआ जिसके कारण वैश्विक महामारी पैदा हुई थी। खुफिया एजेंसी अभी भी अपने रिसर्च के इन नतीजों पर कायम है।

## जापान के उप विदेश मंत्री केंजी यामादा भारत में G20 विदेश मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग

**टोक्यो.** जापान के उप विदेश मंत्री केंजी यामादा 1 मार्च से 3 मार्च तक त्20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली, भारत का दौरा करने वाले हैं। जापान के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। यह फैसला जापान के विदेश मंत्री योशीमासा हयाशी के अपने भारत दौरे को रद्द करने के बाद आयी है।

बता दें कि जापान के विदेश मंत्री योशीमासा हयाशी बुधवार से भारत में शुरू हो रही त्20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं होने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हयाशी ने अपना भारत दौरा रद्द कर दिया है। इसके पीछे जापान की संसद में बजट को लेकर होने वाली चर्चा वजह बताई जा रही है।



**विदेश मंत्री के न आने पर जापान में बढ़ गया था विवाद**

जापान सरकार के इस रवैये के बाद से देश में ही विवाद शुरू होता दिख रहा था। जापानी मीडिया ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया था। जापान के एक्सपर्ट का कहना था कि जब जापान, चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने में जुटा है और भारत के साथ साझेदारी को मजबूत कर रहा है, ऐसे में जापान के विदेश मंत्री का जी20 की बैठक में हिस्सा नहीं लेना जी20 देशों में गलत संदेश देगा।

**ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग भी होंगे शामिल**

नई दिल्ली की बैठक में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटेन के विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली, चीन के विदेश मंत्री किन गैंग, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग शामिल होंगे।


उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी त्20 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को संबोधित करेंगे और वह विश्व स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव के बारे में बात करेंगे।

**भारत ने कई देशों को किया अतिथि के रूप में आमंत्रित**

बता दें कि भारत ने इस बैठक में भाग लेने के लिए कई देशों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। इन देशों में नीदरलैंड्स, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## Australia: सिडनी में पुलिस ने की भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या

**कैनबरा.** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी हैं। यह पूरी घटना ऑबर्न ट्रेन स्टेशन के पास घटित हुई जब भारतीय नागरिक मोहम्मद रहमतुल्लाह सैयद अहमद ने 28 साल के सफाईकर्मी पर चाकू से हमला किया था। जिसके बाद उसने पुलिस को भी धमकाया था। जिसके चलते पुलिस ने उसे मौके पर ही गोली से मार दिया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबार ने यह



ऑस्ट्रेलिया में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने पहचान की थी कि हमलावर भारतीय राज्य तमिलनाडु से था और ब्रिजिंग वीजा पर ऑर्बन में रह रहा था। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड अखबार ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि अहमद ने मंगलवार को ऑबर्न ट्रेन स्टेशन पर सफाई कर्मी पर हमला किया था। जिसके बाद उसने 2 पुलिस अधिकारियों पर भी हमला करने की कोशिश की थी। उसी दौरान एक पुलिस अधिकारी ने 3 गोलियां चलाई जिसमें से दो अहमद के सीने में लगी थी। तो वहीं प्रोबेशनरी कॉन्स्टेबल ने उस पर अपने टेजर का भी इस्तेमाल किया था। हालांकि उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**आत्मरक्षा के लिए पुलिस ने उठाया कदम**

न्यू साउथ वेल्स की पुलिस सहायक आयुक्त स्टुअर्ट ने कहा कि हमारे पास जवाब देने के लिए कुछ ही सेकंड बचे थे। उन्होंने कहा कि अपनी जान बचाने के लिए उनके पास अहमद को गोली मारने के अलावा कोई और अन्य विकल्प नहीं बचा था।

हालांकि उन्होंने कहा की घटना दर्दनाक है इसके लिए आतंकवाद विरोधी इकाइयों की जांच में मदद ली जाएगी। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि अहमद मानसिक रूप से अस्वस्थ तो नहीं था। जिसकी वजह से उसने सफाईकर्मी पर हमला किया और पुलिस अधिकारियों को भी धमकाया था।

## Taiwan-China: चीन ने ताइवान में की बड़ी घुसपैठ, 19 चीनी लड़ाकू विमानों ने हवाई क्षेत्र में भरी उड़ान

**ताइपे.** चीन लगातार ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन कर रहा है। ताइवान का कहना है कि चीन के 19 सैन्य विमानों ने उसके इलाके में उड़ान भरी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में अपने वायु रक्षा क्षेत्र में 19 चीनी वायु सेना के विमानों को देखा है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने उन 19 चीनी विमानों को ट्रैक किया है, जो एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में उड़ रहे थे। जिसके बाद इसमें सवार क्रू को चेतावनी जारी की गई।

<u>चीन अपनी हरकतों से बिल्कुल बाज नहीं आ रहा। उसने एक बार फिर ताइवान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की है। चीनी वायु सेना के 19 विमान ताइवान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते देखे गए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।</u>



ताइवान के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक मानचित्र के अनुसार, 19 जे-10 लड़ाकू विमानों ने द्वीप के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिमी कोने में उड़ान भरी।

लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई ताइवान की सरकार ने बार-बार चीन के साथ बातचीत की पेशकश की है, लेकिन उसका कहना है कि अगर हमला हुआ तो द्वीप अपनी रक्षा करेगा और केवल ताइवान के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं।

**चीन-ताइवान के बीच क्या है विवाद?**

ताइवान पर अपना हक जताने वाले चीन ने इसी उद्देश्य से %वन चाइना पॉलिसी% तैयार की है। इसका मतलब है कि चीन एक ही, जिसका शासन शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी करती है। अगर किसी देश को चीन या ताइवान से राजनयिक संबंध रखने हैं, तो उसके लिए शि जिनपिंग के साथ ही समझौता करना पड़ेगा। वन चाइना पॉलिसी के तहत चीन से राजनयिक संबंध रखने वाले देश को ताइवान सरकार से अपने संबंध खत्म करने होंगे। एक-दूसरे की जमीन पर अपना-अपना दावा और वन चाइना पॉलिसी, चीन व ताइवान के बीच विवाद की मुख्य वजह है।

## वॉल स्ट्रीट में कमजोरी, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** मार्च के पहले दिन ही ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत मिलते नजर आ रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट के तीनों इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार करके लाल निशान में बंद हुए। अमेरिकी फ्यूचर्स भी करीब आधा प्रतिशत तक फिसल कर कारोबार करते नजर आ रहे हैं। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले कारोबारी सत्र में लगातार दबाव की स्थिति बनी रही। दूसरी ओर आज एशियाई बाजारों में तेजी का रुख बना हुआ है।

पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में लगातार दबाव की स्थिति बनी रही। डाओ जोंस 232.39 अंक यानी 0.71 प्रतिशत के गिरावट के साथ 32,656.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,970.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के अपने कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डैक 0.10 प्रतिशत टूट कर 11,455.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इस बीच यूएस बॉन्ड यील्ड में तेजी का रुख नजर आ रहा है। 10 साल के यूएस बॉन्ड यील्ड पिछले 4 महीने के सर्वोच्च स्तर 3.93 प्रतिशत पर हैं। जबकि 2 साल के यूएस बॉन्ड यील्ड 4.85 प्रतिशत के स्तर पर नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 10 साल के यूएस बॉन्ड यील्ड के 4 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने या इससे ऊपर जाने की स्थिति में वॉल स्ट्रीट में और भी गिरावट आ सकती है।यूरोपीय बाजार भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान दबाव की स्थिति में कारोबार करते नजर आए। एफटीएसई इंडेक्स 58.83 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,876.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.38 प्रतिशत टूट कर 7,267.93 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के अपने कारोबार का अंत किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।